दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 157 | सीकर, गुरुवार 06 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# महानिरीक्षक के आदेश के बाद किसका संरक्षण...?

## तत्काल तबादला आदेश बने मजाक- अब टेक्निकल इशू बना नया बहाना !




सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के महानिरीक्षक, अजमेर द्वारा 10 जुलाई 2026 को जारी किए गए स्पष्ट और सख्त आदेशों के बावजूद झुंझुनू में प्रशासनिक उदासीनता और बाबू राज की हकीकत खुलकर सामने आ गई है। 95 कार्मिकों के तबादले तत्काल प्रभाव से किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिनका उद्देश्य विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति लाना था। लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी आदेशों की खुलेआम अनदेखी न सिर्फ प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल खड़े कर रही है, बल्कि यह भी संकेत दे रही है कि जमीनी स्तर पर आदेशों से ज्यादा प्रभाव किसका चलता है। यह मामला अब सिर्फ एक तबादले तक सीमित नहीं रहकर पूरे सिस्टम की कार्यशैली और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न बन गया है। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि संबंधित कार्मिकों को तुरंत कार्यमुक्त कर नई जगह पर भेजा जाए।

### तत्काल की परिभाषा पर सवाल

प्रशासनिक शब्दावली में तत्काल प्रभाव का अर्थ होता है-बिना देरी के 1 से 3 दिन के भीतर आदेश की पालना। लेकिन यहां 25 दिन बाद भी आदेश ठंडे बस्ते में हैं।

### जमीनी हकीकत : आदेश बेअसर

स्थानांतरण सूची में क्रमांक 38 पर शामिल कार्मिक त्रिलोक सिंह अब तक न तो झुंझुनू से रिलीव हुए हैं और न ही कोटपूतली में जाकर ज्वाइन किया है।

### डीएलसी से बदला बहाना टेक्निकल इशू

सबसे बड़ा सवाल उप पंजीयन कार्यालय के बयानों पर खड़ा हो रहा है। पहले कहा गया कि डीएलसी का कार्य चल रहा है इसलिए कार्मिक को रिलीव नहीं किया गया। लेकिन जब मीडिया ने सवाल उठाया तो खुद यह स्वीकार किया गया कि डीएलसी का कार्य पूर्ण हो चुका है और उसका प्रकाशन भी हो चुका है। इसके बाद भी कार्मिक को रिलीव नहीं किया गया।

### सरकारी आवास पर भी कब्जा

संबंधित कार्मिक द्वारा झुंझुनूं में मिला सरकारी आवास भी अब तक खाली नहीं किया गया है, जो नियमों की खुली अनदेखी है। सूत्रों के अनुसार वापस झुंझुनू आने तक किसी अन्य को किराये पर देने का इरादा है।


### अब नया तर्क सामने आया-टेक्निकल इशू

**सवाल: क्या तकनीकी समस्या सिर्फ पुराने कार्मिक ही सुलझाएंगे ?**

अगर डीएलसी का कार्य पूरा हो चुका है तो फिर टेक्निकल इशू का बहाना कितना जायज है ?

क्या नई जगह पर आने वाले कार्मिक इन तथाकथित तकनीकी समस्याओं को नहीं समझ सकते ?

या फिर यह सिर्फ आदेशों की अनदेखी को ढकने का तरीका है ?



जिन कार्मिकों के स्थानान्तरण/पदस्थापन उनके स्वयं की प्रार्थना पर किये गये है, को छोड़कर अन्य को नियमानुसार यात्रा भत्ता एवं योगकाल देय होगा।

संबंधित कार्यालयाध्यक्षों का निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्मिकों को तत्काल कार्यमुक्त कर पालना रिपोर्ट मुख्यालय अजमेर को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

(शरद मेहरा)
महानिरीक्षक
पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग
राजस्थान अजमेर

क्रमांक : एफ.2(494)/स्था./पमु/5408-5618 दिनांक : 10/07/2026

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-
1. अतिरिक्त महानिरीक्षक (प्रशासन), पंजीयन एवं मुद्रांक, जयपुर।
2. समस्त उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान।
3. संबंधित कार्यालयाध्यक्ष........
4. प्रभारी कम्प्यूटर शाखा, मुख्यालय अजमेर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
5. सम्बन्धित कार्मिक........
6. निजी पत्रावली संबंधित कार्मिक।

(... चौधरी)
अतिरिक्त महानिरीक्षक(प्रशासन)
पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग
राजस्थान अजमेर

### चर्चा में झुंझुनू की पुरानी छवि

झुंझुनू को लेकर पहले भी यह चर्चा रही है कि यहां पदस्थापित कार्मिक स्थानांतरण के बाद भी लंबे समय तक जमे रहते हैं या फिर दोबारा वापस आ जाते हैं। यह मामला उसी प्रवृत्ति को फिर उजागर करता है।

### उठते सवाल : आदेश से ऊपर कौन ?

लगातार बदलते बयान और देरी कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

- क्या महानिरीक्षक के आदेशों का कोई महत्व नहीं रह गया ?
- क्या बाबू राज के आगे आदेश बेअसर हो चुके हैं ?
- या फिर किसी के संरक्षण में नियमों को दरकिनार किया जा रहा है ?

### अब कार्रवाई पर नजर

जब आदेश तत्काल प्रभावसे लागू करने के हो और डीएलसी का कार्य भी पूरा हो चुका हो तब भी 25 दिन तक रिलीव नहीं करना सीधे-सीधे लापरवाही या जानबूझकर टालने की ओर इशारा करता है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदारी तय होती है या मामला फिर फाइलों में दबा दिया जाएगा।

### इन्होंने क्या खूब कहा

"ट्रांसफर हुआ है, अभी झुंझुनूं ही हूं, जहां तबादला किया है वहां अभी ज्वाइन नहीं किया है, घुमाफिरा कर कहा करेंगे।
**त्रिलोक सिंह, कार्मिक**

"डीएलसी का कार्य चल रहा था... प्रकाशन हो चुका है लेकिन टेक्निकल इशू है। रिलीव नहीं किया।
**कुलदीप सिंह**
**उप पंजीयक, झुंझुनू।**

## झुंझुनूं के सड़क प्रोजेक्ट्स पर गडकरी से मिले सांसद ओला, पचेरी-झुंझुनूं एनएच सहित कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा

### पचेरी-झुंझुनूं फोरलेन और लक्ष्मणगढ़-फतेहपुर-रतनगढ़ मार्ग का काम जल्द शुरू कराने का मिला आश्वासन



सुरेंद्र शर्मा


**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़क परियोजनाओं को जल्द शुरू कराने की मांग रखी। बैठक में पचेरी-झुंझुनूं (वाया सिंघाना-चिड़ावा-बगड़)राष्ट्रीय राजमार्ग-11 सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर चर्चा हुई। सांसद के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने फोरलेन बनाने का कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया की पचेरी-झुंझुनूं राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के फोरलेन निर्माण की डीपीआर और वित्तीय स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने परियोजना का काम तत्काल शुरू कराने का आग्रह किया।

**मंडावा-रामगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण की भी मांग**-ओला ने मंडावा-रामगढ़ (वाया नांगली) एमडीआर-234 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण को केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना में शामिल कर जल्द निर्माण शुरू कराने की मांग भी रखी।

**फतेहपुर के लिए रिंग रोड का प्रस्ताव**-सांसद ने फतेहपुर शेखावाटी शहर के पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव भी रखा। उनका कहना था कि यह रिंग रोड राष्ट्रीय राजमार्ग-11, 52 और 58 से जुड़ेगी, जिससे शहर में ट्रैफिक जाम और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## स्कॉर्पियो पेड़ से टकराकर पलटी, आर्मी हवलदार और महिला कांस्टेबल के बेटे की मौत

### जेसीबी से दरवाजा काटकर निकाले शव, दो घायल जयपुर रैफर, परिजनों का आरोप- एक भी एयरबैग नहीं खुला



अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )** जिले के बगड़ थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेना के हवलदार और महिला कॉन्स्टेबल के बेटे की मौत हो गई। जबकी दो गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बगड़ तिराहे के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई और पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आगे की सीट पर बैठे दोनों युवक उसमें बुरी तरह फंस गए। उन्हें निकालने के लिए जेसीबी और क्रेन की मदद लेनी पड़ी। बगड़ थाना के एएसआई रणधीर सिंह ने बताया की हादसा रात करीब एक बजे हुआ। दुर्घटना में कोलसिया निवासी सेना के हवलदार राकेश कुमार दूत पुत्र नेतराम लाल (36) और झुंझुनूं पुलिस की कालिका यूनिट में तैनात महिला कांस्टेबल सरोज के बेटे नितिन (22) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं झुंझुनूं में डाइट के पास रहने वाले अजय कुमार (25) और सिघाना हाल आबाद जयपुर के साक्षक सिहाग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया। स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से अंदर फंसे लोगों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जेसीबी और क्रेन की सहायता से घायलों और मृतकों को बाहर निकाला गया। सभी को 108 एम्बुलेंस से बीडीके अस्पताल पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए।

### एयरबैग नहीं खुलने पर उठे सवाल

मृतक राकेश के भाई नेमीचंद ने आरोप लगाया कि लाखों रुपए कीमत वाली स्कॉर्पियो एन छह एयरबैग होने के बावजूद हादसे के दौरान एक भी एयरबैग नहीं खुला। उनका कहना है कि यदि एयरबैग समय पर खुलते तो दोनों की जान बच सकती थी। उन्होंने मामले की जांच की मांग की है।

### हाल ही में छुट्टी पर आया था जवान

राकेश कुमार दूत वर्ष 2011 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में लेह-लद्दाख में एजुकेशन हवलदार के पद पर तैनात थे। वे 23 जुलाई को छुट्टी पर अपने गांव आए थे और 14 अगस्त तक घर पर रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी संजू देवी और पांच वर्षीय बेटा नितेश है। हादसे के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### महिला कांस्टेबल के इकलौते बेटे की मौत

हादसे में जान गंवाने वाला नितिन झुंझुनूं पुलिस की कालिका यूनिट में तैनात महिला कांस्टेबल सरोज का बेटा था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### छत पूरी तरह पिचकी, अगला हिस्सा चकनासुर

हादसे की भवावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराने के बाद पूरी पिचक गई। गाड़ी का अगला हिस्सा चकनासूर हो गया और उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी व क्रेन की मदद लेनी पड़ी। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

## बुहाना अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर फूटा गुस्सा प्रदर्शन के बाद भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण

### एसडीएम को ज्ञापन देकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज, डिप्टी सीएमएचओ की समझाइश भी बेअसर

मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** बुहाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के खिलाफ बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। सैकड़ों ग्रामीण अस्पताल के मुख्य गेट पर जुटे, नारेबाजी की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की। दोपहर तक कोई सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन और तेज हो गया।

बुहाना के पवन सिंह तंवर व विजेंद्र तुदवाल भूख हड़ताल पर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे डिप्टी सीएमएचओ भंवरलाल, बुहाना बीसीएमओ जयवीर भगासरा धरना स्थल पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी लापरवाही कर्मचारीयों को तुरंत एपीओ करने और अन्य अन्य मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने तक धरना समाप्त करने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों ने डॉक्टर व स्टाफ द्वारा मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करने, बाहर की दवाइयां ओर जांच लिखने के आरोप लगाए। धरने पर कृष्ण कुमार, विजय जोशी, राजू बुहाना, सावन कुमार, संदीप सिंह, सोमवीर सिंह, दीपक सिंह, जयवीर, प्रदीप सिंह, नीतू वर्मा, विजेंद्र सिंह, बजरंगलाल, जयपाल, सूरज, रोशन, सचिन सिंह, लोकेश, नरेश, जयसिंह मौजूद रहे।



### इलाज से पहले रेफर, मरीज परेशान

ग्रामीणों का आरोप है कि बुहाना के सबसे बड़े अस्पताल में लंबे समय से सर्जन और लैब स्टाफ की कमी बनी हुई है। इसके कारण कई मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### अस्पताल में सुविधा, फिर भी बाहर से दवा और जांच

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अस्पताल में आवश्यक संसाधन होने के बावजूद मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने और निजी लैब में जांच कराने के लिए भेजा जाता है। उनका आरोप है कि इससे गरीब मरीजों पर अनावश्यक खर्च का बोझ बढ़ रहा है।

### एम्बुलेंस, सफाई और कर्मचारियों के व्यवहार पर भी नाराजगी

ग्रामीणों ने 104 और 108 एम्बुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि जरूरत के समय एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचती। अस्पताल परिसर में गंदगी, वार्डों की बदहाल स्थिति, डॉक्टरों और कर्मचारियों के समय पर नहीं आने तथा कुछ कर्मचारियों के मरीजों के प्रति व्यवहार को लेकर भी लोगों ने नाराजगी जताई।

### भूख हड़ताल से बढ़ा प्रशासन पर दबाव

मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से पवन सिंह तंवर और विजेंद्र तुंदवाल भूख हड़ताल पर बैठ गए। इसके बाद डिप्टी सीएमएचओ धरना स्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। काफी देर तक चली समझाइश के बावजूद ग्रामीण मांग पूरी नहीं होने पर धरने पर बैठे रहने पर अड़े रहे। उनका कहना था कि केवल मौखिक भरोसे से अब काम नहीं चलेगा।

## 24 घंटे से अंधेरे में ढाकामांडी, बिजली संकट पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा


### बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित, पावर हाउस में लापरवाही के आरोप, प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग

मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** ढाकामांडी गांव में पिछले 24 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। लंबे समय से बिजली नहीं आने से परेशान ग्रामीण बुधवार को सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि ढाकामांडी पावर हाउस से नि बास गांव की लाइन जोड़ दी गई है, लेकिन आवश्यक तकनीकी व्यवस्था (जिओ) नहीं लगाई गई। इसके कारण नि बास गांव में कहीं भी लाइन फॉल्ट होने पर ढाकामांडी की बिजली भी बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पावर हाउस पर कर्मचारी मौजूद नहीं रहते और फीडर पर भी कोई स्थायी कर्मचारी तैनात नहीं है। कई बार फोन करने के बावजूद कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचता। ग्रामीणों ने पावर हाउस में अव्यवस्थाओं के भी आरोप लगाए। उनका कहना है कि परिसर में शराब की खाली बोतलें पड़ी रहती हैं। साथ ही तीन-चार दिन पहले एक कर्मचारी करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका जयपुर में उपचार चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने से पेयजल, घरेलू कार्य और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। उनका आरोप है कि यह समस्या आए दिन बनी रहती है।



### नवयत्न कोबरी-सार



## छात्रावास अधीक्षकों के रिक्त पदों पर अतिरिक्त कार्यव्यवस्था के तहत 10 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजकीय छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षकों के रिक्त पदों पर अतिरिक्त कार्यव्यवस्था के तहत शिक्षा विभाग के शिक्षक/शिक्षिकाएं 10 अगस्त, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। एसजेईडी डीडी सत्येन्द्र पाल वीर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिन राजकीय छात्रावासों में विभागीय नियमित छात्रावास अधीक्षक पदस्थापित/कार्यरत नहीं है, उन छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षकों के रिक्त पदों पर शिक्षा विभाग के शिक्षकों को अतिरिक्त कार्यव्यवस्था के तहत 28 फरवरीए 2027 अथवा नियमित कर्मचारी उपलब्ध होने पर, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए 5000 रुपये प्रति माह प्रति शिक्षक का समेकित मानदेय पर लगाये जाने हैं। जिले के राजकीय सावित्री बाई कन्या छात्रावास राजगढ़ एवं राजकीय अम्बेडकर छात्रावास भुखरेड़ी, बीदासर में विभाग के नियमित छात्रावास अधीक्षकों के पद रिक्त हैं। इन पदों के लिए शिक्षा विभाग के इच्छुक शिक्षक जो इन राजकीय छात्रावासों के नजदीकी विद्यालय में पदस्थापित/कार्यरत है, वे अपना आवेदन मय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की सहमति सहित जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चूरू में 10 अगस्तए 2026 तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक शिक्षक/शिक्षिकाएं आवेदन के संबंध में कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चूरू से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवेदन दे सकते हैं। अतिरिक्त कार्यव्यवस्था के तहत लगने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं को विभागीय नियमानुसार छात्रावासों का संचालन करना होगा। उल्लेखनीय है कि बालिका छात्रावास हेतु केवल महिला शिक्षिका का ही आवेदन स्वीकार्य होगा।

## एन.सी.सी. नामांकन 16 अगस्त को

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) के सीनियर डिवीजन (बालक) एवं सीनियर विंग (बालिका) के लिए सत्र 2026-27 का नामांकन 16 अगस्त को प्रातः 8 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि एन.सी.सी. में प्रवेश के इच्छुक नियमित छात्र-छात्राओं को निर्धारित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 13 अगस्त 2026 तक महाविद्यालय के कक्ष संख्या 06 की खिड़की में जमा कराना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ मूल दस्तावेज भी सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। चयन प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक दक्षता, दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र एवं इच्छुक छात्र-छात्राओं से समय पर आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है।

## कॉलेज की मार्कशीट व डिग्री लेने की अंतिम तिथि 31 अगस्त

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के स्वामी विवेकानंद राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों की मार्कशीट एवं डिग्री वितरण की अंतिम तिथि को शेखावाटी यूनिवर्सिटी ने बढ़ाकर 31 अगस्त तक निर्धारित की गई है। अब मार्कशीट एवं डिग्री प्राप्त करने के लिए केवल एक माह में प्राप्त कर सकते है। इसके बाद विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी के चक्कर लगाने पड़ सकते है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर से वर्ष 2016 से 2024 तक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थीयो के लिए पहले 15 जुलाई, फिर 30 जूलाई की। अब 31 अगस्त तक महाविद्यालय कार्यालय से अपनी अंकतालिका एवं डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीपी कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मार्कशीट वितरण कार्य प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया जा रहा है। विद्यार्थियों को अपनी मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। आवश्यकता होने पर रविवार को भी वितरण किया जाएगा। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे सिर्फ एक माह शेष रहते अपनी मार्कशीट एवं डिग्री अवश्य प्राप्त कर लें। यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित की गई तिथि के बाद शेष अंकतालिकाएं एवं डिग्रियां विश्वविद्यालय को वापस भेज दी जाएगी, जिसके बाद विद्यार्थियों को इन्हें प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। प्राचार्य डॉ सीपी ने विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी में जाने से होने वाली परेशानी से बचने के लिए जल्द कालेज में आकर मार्कशीट व अंकतालिका प्राप्त करने की अपील की है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन जिला सीकर के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 31 जुलाई 2026 निर्धारित थी, उसे बढ़ाकर अब 7 अगस्त 2026 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभिभावक एवं विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल पर जाकर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

## श्री कल्याणजी डिग्गीपुरी की लक्खी पदयात्रा 18 अगस्त से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री कल्याणजी महाराज डिग्गीपुरी की 61वीं ऐतिहासिक लक्खी पैदल पदयात्रा 18 अगस्त को चौड़ा रास्ता स्थित श्री ताड़केश्वर महादेव मंदिर से सुबह नौ बजे रवाना होगी। पैदल यात्रा 18 अगस्त मद्रामपुरा के बालाजी, 19 अगस्त को हरसूलिया, 20 अगस्त को फागी, 21 अगस्त को चौसला में रात्रि विश्राम करते हुए 22 अगस्त को श्री कल्याण महाराज के निजधाम डिग्गी धाम पहुंचेगी। यात्रा के अध्यक्ष एवं संचालक श्रीजी शर्मा लोहे वाले ने बताया कि वर्ष 1964 में पदयात्रा का शुभारंभ दिवंगत हो चुके रामेश्वर लाल शर्मा लोहे वाले ने किया था। तब से यह धार्मिक यात्रा निरंतर श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ संचालित होती आ रही है। विशेष बात यह है कि जिस ऐतिहासिक गाड़ी से वर्ष 1964 में इस पदयात्रा का शुभारंभ हुआ था, वही गाड़ी आज भी यात्रा के साथ रहती है। उसका पंजीकरण क्रमांक आरएसएल-0093 है, जो इस गौरवशाली परंपरा का साक्षी है। श्रीजी शर्मा ने बताया कि यह लगभग 24 कोस की पैदल यात्रा जयपुर से प्रारंभ होकर डिग्गी धाम स्थित भगवान श्री कल्याणजी महाराज के निजधाम तक पहुंचती है। यात्रा में प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु, महिला एवं पुरुष उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। भजन-कीर्तन, जयघोष और भक्तिभाव के साथ श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए भगवान श्री कल्याणजी के दर्शन के लिए डिग्गी धाम पहुंचते हैं।

# राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा के शिष्टमंडल ने चिकित्सा अधिकारियों से की चर्चा

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा के शिष्टमंडल ने सत्यनारायण सेवदा के नेतृत्व में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वेद प्रकाश एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार से भेंट कर आरजीएस योजना और स्थानीय चिकित्सालय स्तर की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान करवाने की मांग की। राजकीय जालान चिकित्सालय में पद स्थापित आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा कंप्यूटर से जारी पर्ची पर दवा लिखने से मना करने, पेंशनर्स के लिए चिकित्सा जांच हेतु अलग पंक्ति बनाकर प्राथमिकता से जांच करने और दवा वितरण में सभी काउंटर पर पेंशनर्स को प्राथमिकता से दवा देने आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्देश जारी कर समस्याओं का समाधान कर दिया। आरजीएसएस योजना के अंतर्गत निजी मेडिकल स्टोर द्वारा दवाइयां देने से मना करने, राज्य सरकार के निर्देशानुसार कंप्यूटर द्वारा लिखित दवाइयों की पर्ची उपलब्ध करवाने की मांग की गई। जिस पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वेद प्रकाश ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में वार्ता हेतु वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़, मोहम्मद अनवर कुरैशी, राजेंद्र सिंह बिदावत, रामदेव चंदनिया, पीरुमल भोभारिया, बद्री प्रसाद शर्मा, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, विनोद कुमार वर्मा, हरिराम शर्मा, निरंजन भार्गव और भागीरथ मंडार आदि उपस्थित रहे।

## सामूहिक जप अनुष्ठान आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, नोखा में सामूहिक जप अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें उपासक सुरेश बाफणा ने एक घंटे तक लयबद्ध और विधिपूर्वक सामूहिक जप का संचालन एक नवीन शैली में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से हुआ। आध्यात्मिक आनंद और आंतरिक शक्ति की प्राप्ति के लिए एकाग्रता एवं श्रद्धा से किया गया जप अत्यंत फलदायी माना जाता है। उवसग्गहरं स्तोत्र का पाठ आदि-व्याधियों के निवारण तथा मानसिक शांति प्रदान करने वाला प्रभावशाली मंत्र बताया गया है। इस अवसर पर उपासक कांतीभाई मेहता ने ज्ञान, दर्शन, चरित्र एवं तप की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने माता त्रिशला के चौदह स्वप्नों पर आधारित एक मार्मिक गीतिका का भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण भी किया। श्रावण मास में तपस्या का क्रम निरंतर जारी है। उपासिका निर्मला देवी सेठिया की दस दिवसीय तपस्या तथा हंसराज भूरा की तेला तपस्या प्रगति पर है। उपस्थित श्रद्धालुओं ने तपस्वियों का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति हर्ष एवं मंगलभाव व्यक्त किए।

# सुरभि गोशाला में गौ चिकित्सालय की रखी आधारशिला

निसं




**बुगाला ( नवयत्न )।** पंडित गणेशनारायण ने तभोमिया सुरभि गौशाला में बुधवार को गौ चिकित्सालय के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। कोषाध्यक्ष महेंद्र बुगालिया एवं सुमेर सैनी ने बताया कि गांव के राकेश सांखला अपने पिता मनीराम सैनी की यादगार में गौ चिकित्सालय का निर्माण करवा रहे हैं। निर्माण पूरा होने के बाद गोशाला में बीमार एवं घायल गौवंश को उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

कार्यक्रम का विधिवत पूजन कबीर आश्रम नवलगढ़ के संत अमरदास साहिब ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष हीरानंद बुगालिया ने भामाशाह राकेश सांखला के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि गौ चिकित्सालय बनने से गौसेवा को नई मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में शिवनारायण बुगालिया, खेमचंद साहिब, हेमसिंह, दुर्गाराम, बृजलाल, श्रीपाल, मोहनलाल, सुल्तान सिंह, बृजबिहारी, ठेकेदार सुरेश पंवार, रणवीर सिंह ओला, महेंद्र बुगालिया, नंदकिशोर स्वामी, मनोहर सिंह, महेंद्र केडिया, कैप्टन महेश बुगालिया, विजयपाल सिंह, गौरीशंकर सैनी, महावीर बुगालिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गौभक्त मौजूद रहे।

## शिव महापुराण कथा महोत्सव 7 अगस्त से

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री पंच दसनाम जूना अखाड़ा प्राचीन शिव मठ दांता में शिव महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन 7 अगस्त से 18 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ 7 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 8:15 बजे श्री खेड़ापति बालाजी धाम दांता से विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद प्रतिदिन 7 से 17 अगस्त तक प्रातः 10:15 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रुद्राभिषेक तथा दोपहर 2:15 बजे से शाम 5:00 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में संत सानिध्य के रूप में महंत थानापति हीरापुरी महाराज डूंगरी कला जयरामपुरी बाबा आश्रम, महंत नृसिंहपुरी महाराज उदयपुरिया मठ तथा महंत नर्मदापुरी महाराज शिव मठ दांता उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रख्यात कथावाचक नवरत्न महाराज कोलिड़ा श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का श्रवण कराएंगे। महोत्सव का समापन 18 अगस्त, मंगलवार को प्रातः 9:15 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ होगा। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे से भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

## सीवरेज लाइन ब्लॉक होने से लोग परेशान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मौसूण के नेतृत्व में युवाओं द्वारा एक ज्ञापन नगरपरिषद आयुक्त के नाम कैंप में पहुंचकर सौंपा गया। इस दौरान अमित मौसूण ने बताया कि वार्ड में सीवरेज ब्लॉक हो रखी है, जिसके बारे में ठेकेदार को अवगत करवाने के बाद भी कोई असर नहीं होता। कनिष्ठ अभियंता कमलेश सुखानिया को समस्या बताते हुए अमित मौसूण ने कहा कि आपको भी कई बार फोन कर लिए लेकिन समस्या का समाधान क्यों नहीं करवाया जाता है। जिस पर कमलेश साखुनिया ने कहा कि मैं आपके साथ चलूंगा और मौका देखूंगा। इस दौरान ज्ञापन देने आये लोग कुछ आक्रोशित भी हो गए। दूसरी ओर लोगों ने बताया कि वार्ड नं. 58, 59 व 60 में गंदे पानी की निकासी समय पर नहीं हो पाती, रोड लाईट्स कई जगह खराब पड़े हैं और साफ-सफाई समय पर नहीं की जाती। इसलिए इन जन समस्याओं का समाधान करवाया जावे। सहायक नगर नियोजक उदयसिंह ने जन समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान मोहल्ले के आदिल नेवरी, अंकित राव, मुनालाल, अजय सिंह, दिनेश, सिकन्दर, सोएब, निलेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं कनिष्ठ अभियंता ने ज्ञापन के बाद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

## अपनों को खोने का दर्द बना समाज के लिए सुरक्षा का संदेश

# हेलमेट बाटकर दिया सड़क सुरक्षा का प्रेरक संदेश

विजेन्द्र सिंह लमोरिया




**चिड़ावा ( नवयत्न )।** सड़क हादसे में अपने माता-पिता और दो बहनों को खोने के दर्द को समाज हित की प्रेरणा में बदलते हुए परिवहन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी राहुल बसवाला एवं सौरभ बसवाला ने अपने माता-पिता व दो बहनों की 15वीं पुण्यतिथि पर हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर 101 हेलमेट वितरित कर लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। राहुल बसवाला ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व हुए एक भीषण सड़क हादसे में उनके पिता घनश्याम बसवाला, माता रेशमा देवी तथा बहनें सोनल और सानिया का असामयिक निधन हो गया था। इस गहरे व्यक्तिगत दुःख के बाद परिवार ने संकल्प लिया कि उनकी पुण्यतिथि पर ऐसा कार्य किया जाए। जिससे अन्य परिवारों के घरों के चिराग सुरक्षित रह सकें। इसी संकल्प के तहत बड़े ताऊजी के मार्गदर्शन एवं परिवारजनों की उपस्थिति में 101 हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि हेलमेट पुलिस के चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने घरवालों से सुरक्षित दोबारा मिलने के लिए पहनें। इस संदेश ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश दहिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, समाजसेवी शीशराम हलवाई, डीएसपी विकास धींधवाल, डीटीओ रमेश यादव, सीआई लक्ष्मीचंद वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, राजेश वर्मा, मोहित तामडायत, बिजली विभाग के जेईएन अरुण बडसीवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाला, डॉ बीएल वर्मा, तेजप्रकाश सोनी, चरण सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों ने बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चला रहे चालकों को गुलाब का फूल एवं हेलमेट भेंट कर सुरक्षित वाहन चलाने का संकल्प दिलाया तथा सभी से यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे जनजागरूकता अभियान सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# महिला के सिर पर गिरी सीलिंग टूटकर, बाल बाल बची जान

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय फतेहपुरिया जनाना अस्पताल में बरामदे की सीलिंग टूटकर गिर गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में एक महिला बाल बाल बच गई। जिस वक्त सीलिंग टूट कर गिरी, उसी वक्त महिला सीलिंग के नीचे खड़ी थी। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सीलिंग टूटने के बाद महिला वापस उठ खड़ी हुई लेकिन मलबा पूरा उसके सिर पर गिरा। अस्पताल प्रभारी डॉक्टर बंशीधर बलाई ने बताया कि महिला किरण का प्राथमिक उपचार किया गया है, उसे मामूली चोटे आई थी। अस्पताल प्रभारी ने अपील की है कि बरसात की ऋतु में लोग सावधानी बरते क्योंकि यह काफी पुराना भवन है। आपको बता दे इस अस्पताल में महिला व बच्चों के चिकित्सक बैठते हैं जिसके कारण प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में यहां पर लोगों का आवागमन होता है लेकिन भवन के जर्जर होने के कारण यहां पर कभी भी इस प्रकार का हादसा हो सकता है। अस्पताल प्रभारी ने बताया कि जर्जर हिस्से की मरम्मत के लिए कई बार पीएमओ को लिखा गया था लेकिन समय पर इसकी मरम्मत नहीं की गई।

ज्ञात रहे कि एमसीएच विंग अस्पताल कों जर्जर भवन में शिफ्ट करने पर पूर्व में भी भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर द्वारा शिकायत की गई थी, जिसकी जांच कमेटी भी बनी थी और फिर शिकायत पर पुरानी बिल्डिंग के रिपेयरिंग का कार्य भी हुआ था। लेकिन जर्जर बिल्डिंग में इसे किसके दबाव में आकर शिफ्ट किया गया। यह जांच का विषय है।

## भाजपा की बैठक आज

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पंचायती राज व निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा में जिले की चुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक 6 अगस्त को दोपहर 3 बजे होगी। बैठक जयपुर बीकानेर बाईपास स्थित राज लक्ष्मी गार्डन में जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में होगी। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से जयपुर संभाग के प्रभारी व प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, जिला प्रभारी व सह प्रभारी, सांसद प्रत्याशी, विधायक, विधायक प्रत्याशी, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, विधानसभा विस्तारक एवं मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहेंगे।

## पांच मंडल अध्यक्ष घोषित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा में संगठन विस्तार करते हुए खंडेला विधानसभा में पांच मंडलों के अध्यक्ष घोषित किए हैं। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की सहमती से जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने पांचों मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि मुकेश कुमार सैनी को कांवट, धीरज कौशिक को खंडेला, महेश कुमार संबल को कोटड़ी लुहारवास, प्रवीण कुमार लाटा को दुधवालों को बास व राजेंद्र प्रसाद को कोटड़ी धायलान का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## कैम्पर गाड़ी में आग लगाने वाले गिरफ्तार

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय सगंम चौराह के पास होटल के सामने खड़ी कैम्पर गाडी में आपराधिक तत्वों द्वारा आपसी रंजिश को लेकर 30 जुलाई रात्री में बोलेरो कैम्पर गाड़ी को जलाकर पब्लिक न्यूसेन्स फैलाने की कोशिश की गई। जिस पर होटल संचालक राजकुमार निवासी वार्ड नम्बर 03 की रिपोर्ट पर प्रकरण में वांछित अरोपियों की दस्तियाबी हेतु पुलिस थाना टीम ने सीसीटीवी कैमरो को चैक कर फुटेज प्राप्त किये जाकर प्रकरण के मुख्य आरोपी करतार सिंह निवासी गांव जान्दवा तहसील रतनगढ़ को अन्य आर्म्स एक्ट प्रकरण में गिरफतार किया गया है। मुल्जिमान पंकज निवासी सदीनसर थाना रामगढ़ भोखावाटी सीकर व दिनेश निवासी नबीपुर थाना फतेहपुर सदर जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया व प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# राजकीय महाविद्यालय में ऑफलाइन प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्रीमती मोहनी देवी चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा द्वारा स्नातक बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश आवेदन नहीं किया है, वे अब ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा करने एवं प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेज़, जिनमें 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, आधार कार्ड, मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मूल चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

# चार गांवों में बनेंगे नए आंगनबाड़ी भवन, प्रत्येक निर्माण पर 12 लाख होंगे खर्च



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र के चार गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए नए भवनों का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक भवन के निर्माण पर 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही आंगनबाड़ी गतिविधियों का संचालन भी अधिक व्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र की आंगनबाड़ी केंद्र के पास अपना भवन नहीं होने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिस पर प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा गया। राज्य सरकार ने मंडणा में आंगनबाड़ी का नवीन भवन बनाया जाएगा, जिस पर 12 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार नालपुर द्वितीय आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। कांकरिया द्वितीय आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित होगा। वहीं मानोता कला प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भी 12 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। चारों भवनों के निर्माण पर कुल 48 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नए भवन बनने से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। साथ ही पोषण, टीकाकरण, प्री-स्कूल शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा सकेगा। ग्रामीणों ने इन स्वीकृतियों पर खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से नए भवनों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

भवन निर्माण होने से केंद्रों के संचालन में आ रही समस्याओं का समाधान होगा और लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि पक्के एवं सुव्यवस्थित भवन बनने से बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी योजनाओं के संचालन में सुविधा मिलेगी। अब ग्रामीणों को निर्माण कार्य जल्द शुरू होने और समयबद्ध तरीके से पूरा होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

# राजा कोठी की गेनाणी में लगा 75 एचपी का पंप सेट



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में बरसाती पानी की निकासी की समस्या से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। राजा कोठी में बनी गेनाणी में लंबे समय से 40 एचपी का पंप सेट लगा हुआ था। कम क्षमता के पंप के कारण बारिश के दौरान पानी की निकासी धीमी गति से होती थी और कई बार कस्बे के विभिन्न हिस्सों में करीब 24 घंटे तक जलभराव की स्थिति बनी रहती थी। बरसाती पानी की निकासी की समस्या को लेकर पूर्व में जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले गेनाणी का निरीक्षण किया और बरसाती पानी की निकासी को प्राथमिकता देते हुए बड़े क्षमता वाले पंप सेट लगाने की बात कही थी। इसी क्रम में राजा कोठी की गेनाणी में 75 एचपी का नया पंप सेट पहुंच गया। अधिकारियों के अनुसार एक-दो दिन में पंप सेट को चालू कर दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा ने बताया कि बारिश का दौर थमने के बाद जर्जर पंप हाउस का भी नवीनीकरण करवाया जाएगा ताकि भविष्य में बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके तथा कस्बेवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि कस्बे में जहां भी गंदे पानी की निकासी की समस्या सामने आ रही है, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जा रहा है। संबंधित ठेकेदारों को पाबंद कर निर्धारित समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

# एबीडीएम सोशल मीडिया वर्कशॉप आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर स्थित शिफू परिसर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सोशल मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सूचना, शिक्षा एवं संचार तंत्र को और अधिक सशक्त बनाना था। कार्यशाला में प्रदेशभर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आईईसी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन तक सरल, सटीक और प्रभावी ढंग से पहुँचाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक को डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा) उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेंगे। इससे मरीजों को उपचार में सुविधा मिलने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं में समन्वय, पारदर्शिता और गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यशाला के दौरान सोशल मीडिया कंटेंट निर्माण, प्रभावी संदेश लेखन, ग्राफिक्स एवं वीडियो निर्माण, डिजिटल प्लेटफॉर्म का बेहतर उपयोग, जनसहभागिता बढ़ाने तथा भ्रामक एवं फेक न्यूज से बचाव जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जन-जागरूकता का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इसका सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग करते हुए स्वास्थ्य योजनाओं, टीकाकरण, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पहुँचाई जा सकती है। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया ताकि प्रत्येक नागरिक इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सके तथा डिजिटल स्वास्थ्य, सशक्त नागरिक और स्वस्थ भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

## राज्य स्तरीय ट्रेनर्स मीट ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण में होगा सुधार : बन्नालाल

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ट्रेनर्स मीट का आयोजन 5 से 7 अगस्त तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू पर किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी एवं राजस्थान प्रदेश के स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर बन्नालाल ने बताया कि ट्रेनर्स मीट के प्रथम दिन सत्र 2026-27 के वार्षिक कार्यक्रम की जानकारी, ट्रेनर्स मीट के उद्देश्य, स्काउट गाइड ट्रेनिंग में किए गए संशोधन, ट्रेनिंग एडमिनिस्ट्रेट, ध्वज शिष्टाचार, ड्यूटी चेंज, निरीक्षण, राष्ट्रपति अवार्ड, गोल्डन एरो, चतुर्थ चरण, हीरक पंख के आवेदन भरना, ट्रेनर्स के कर्तव्य दायित्व पर ग्रुप चर्चा, असाइनमेंट स्टडी एवं पर्सनल सपोर्ट, बैक डेटिंग ऑफबेसिक कोर्स, ग्रुप चर्चा ऑनरेबल चार्ज, शिविर प्रतिवेदन एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र जिला अध्यक्ष स्काउट गंगाधर सिंह सुंडा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेंद्र कुमार, राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुयश लोढ़ा, पूर्व स्टेट कमिश्नर रघुवीर सिंह शेखावत, सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर रामजस लिखाला, ब्रजरानी माथुर, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जेपी महला, जिला उपाध्यक्ष नाहर सिंह गिल, रेलवे वाणिज्यिक अधिकारी ओम प्रकाश आर्य के आतिथ्य में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थानी शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनू की छात्राएं एवं श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय की रेंजर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर ट्रेनर्स मीट को आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेंद्र कुमार ने कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से बालक बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होता है स्तरीय ट्रेनर्स मीट के माध्यम से राजस्थान प्रदेश में यह संदेश जाएगा कि बालक बालिकाओं को और अधिक संस्कारवान, राष्ट्रभक्त एवं देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाने हेतु स्काउट गाइड की उपादेयता सिद्ध होगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा ने झुंझुनू जिले के स्काउट गाइड गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान बीकानेर मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखाला ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि झुंझुनू जिले की स्काउट गाइड राजस्थान प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है, यहां के ट्रेनर्स राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए, उन्होंने ट्रेनर्स मीट में आये हुए सभी लीडर्स का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश से पधारे हुए सभी सीनियर लीडर्स का स्काउट गाइड परंपरा के अनुसार स्वागतए अभिनंदन किया गया। कार्यशाला में राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुयश लोढ़ा, पूर्व एसओसी बृजरानी माथुर, पूर्व स्टेट कमिश्नर रघुवीर सिंह शेखावत, अभय सिंह शेखावत, गिरधारी लाल डावर, विनोद मेहरा, कैलाश चंद यादव, यादराम आर्य, रामानंद आजाद, निर्मला वर्मा, रामदेव सिंह गढ़वाल, अनीता कटेवा, उमा वर्मा, विजेता कुमारी, सुनीता बेनीवाल, चिरंजीलाल शर्मा सहित झुंझुनू स्काउट गाइड सचिव व अन्य गणमान्य स्काउट गाइड प्रभारी उपस्थित रहे।



# ई-रिक्शा पंजीयन ने नहीं पकड़ी रफ्तार

## चार दिन में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू सका

## स्थायी लाइसेंस और ऑनलाइन प्रक्रिया बनी बाधा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में परकोटे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने के लिए शुरू की गई ई-रिक्शा की जोनवार पंजीयन व्यवस्था को अपेक्षित गति नहीं मिल रही है। एक अगस्त से शुरू हुई पंजीयन प्रक्रिया के चार दिन बाद भी 100 का आंकड़ा नहीं छू सकी है। अब तक करीब 300 से अधिक लोगों ने जानकारी ली है लेकिन केवल करीब 50 ई-रिक्शा का ही पंजीयन हो पाया है। इस स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय यादगार में ई-मित्र सुविधा केंद्र शुरू किया है, जहां ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन माध्यम से भी पंजीयन कराया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक रानू शर्मा ने बताया कि जयपुर में संचालित करीब 40 हजार ई-रिक्शा को सात जोन में संचालित करने के लिए एक अगस्त से पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। शुरुआती दिनों में बड़ी संख्या में संचालकों ने जानकारी ली। लेकिन पंजीयन कम हुआ। इसकी मुख्य वजह अधिकांश चालकों के पास स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस का नहीं होना तथा ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी का अभाव है। कई चालक केवल लर्निंग लाइसेंस पर ई-रिक्शा चला रहे हैं जबकि कई संचालक कम पढ़े-लिखे होने के कारण ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।



### महिलाओं और दिव्यांगों के नाम पर हैं कई ई-रिक्शा

यातायात पुलिस के अनुसार बड़ी संख्या में ई-रिक्शा महिलाओं और दिव्यांगों के नाम पर पंजीकृत हैं जबकि उनका संचालन अन्य लोग करते हैं। ऐसे मामलों में चालक अंडरटेकिंग देकर पंजीयन करा सकते हैं। जिनके पास स्थायी लाइसेंस नहीं है, उन्हें पहले लर्निंग लाइसेंस बनवाकर एक माह बाद स्थायी लाइसेंस लेने की सलाह दी जा रही है।

### यादगार स्थित डीसीपी कार्यालय में खुला सुविधा केंद्र

ई-रिक्शा संचालकों की सुविधा के लिए डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय यादगार में स्थायी ई-मित्र सेवा केंद्र शुरू किया गया है। यहां नियुक्त ई-मित्र कर्मी पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ आवेदन भरने और दस्तावेज अपलोड कराने में सहायता कर रहे हैं। जिन संचालकों को ऑनलाइन आवेदन में परेशानी हो रही है उनके लिए ऑफलाइन पंजीयन की भी व्यवस्था की गई है।

### सात जोन में होगा संचालन

यातायात पुलिस ने शहर को सात जोन में विभाजित किया है। प्रत्येक ई-रिक्शा को निर्धारित जोन के अनुसार रंग और क्यूआर कोड दिया जाएगा। बारकोड स्कैन करते ही वाहन और चालक की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। सिस्टम में एसओएस सुविधा भी होगी, जिससे आपात स्थिति में सीधे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना पहुंचेगी। हर जोन में ई-रिक्शा की संख्या निर्धारित की गई है। आवेदन के दौरान संचालक द्वारा दी गई प्राथमिकता के आधार पर जोन आवंटित किया जाएगा। यदि किसी जोन की निर्धारित संख्या पूरी हो जाएगी तो आवेदक को उसकी दूसरी प्राथमिकता वाले जोन में स्थान दिया जाएगा।

### 31 अगस्त तक पंजीयन, 15 सितंबर से कार्रवाई

यातायात पुलिस के अनुसार पंजीयन प्रक्रिया 1 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। इसके बाद 15 सितंबर से बिना पंजीयन अथवा निर्धारित जोन से बाहर संचालित होने वाले ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है, जहां तकनीकी माध्यम से सभी पंजीकृत ई-रिक्शा की निगरानी की जाएगी।

### पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज

वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, वैध बीमा प्रमाण पत्र, चालक की पासपोर्ट आकार की फोटो और वैध ड्राइविंग लाइसेंस। आवेदन में दर्ज सभी जानकारियों का ऑनलाइन एपीआई के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन सही पाए जाने पर ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

### जोनवार ई-रिक्शा संचालन

- पूर्व जोन : 5000 ई-रिक्शा, लाल कलर कोड
- पश्चिम जोन : 9000 ई-रिक्शा, लाल कलर कोड
- उत्तर जोन : 6000 ई-रिक्शा, नीला कलर कोड
- दक्षिण जोन : 7500 ई-रिक्शा, पीला कलर कोड
- सेंट्रल जोन : 2000 ई-रिक्शा, नारंगी कलर कोड
- परकोटा जोन : 500 ई-रिक्शा, गुलाबी कलर कोड

# 8 व 9 अगस्त को गूंजेगी सबद साधना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी सबद साधना का आयोजन 8 एवं 9 अगस्त को झालाना स्थित प्रौढ़ शिक्षण संस्थान में किया जाएगा। दो दिवसीय संगोष्ठी में पत्रकारिता, साहित्य, भाषा विमर्श, कविता पाठ, पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह सहित विभिन्न सत्र आयोजित होंगे। इसमें देशभर से करीब 65 से 70 साहित्यकार, लेखक और विद्वान भाग लेंगे। संगोष्ठी के पहले दिन 8 अगस्त को पत्रकारिता और साहित्य में विषय पर डॉ. के. श्रीनिवास राव मुख्य वक्तव्य देंगे। इस सत्र में वरिष्ठ पत्रकार एवं व्यंग्यकार यशवंत व्यास तथा डॉ. अमर नाथ अमर भी अपने विचार रखेंगे। इसी दिन पुस्तक सत्र के अंतर्गत द रेजिस्टेंस के हिंदी अनुवाद प्रतिरोध- राजपूत, मराठा और सिखों का संघर्ष तथा उषा राजश्री राठौड़ के कविता संग्रह सोनचिड़ी का विमोचन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार प्रतिरोध पुस्तक मुगल शासक औरंगजेब एवं उसके उत्तराधिकारियों के शासनकाल में राजपूत मराठा और सिख वीरों द्वारा आत्मसम्मान, आस्था और जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसके लेखक लेफ्टिनेंट जनरल दलीप सिंह पीवीएसएमए वीएसएम भारतीय सेना के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्होंने इतिहास में उपेक्षित रहे वीरों के योगदान को सामने लाने के उद्देश्य से इस पुस्तक का लेखन किया है। संगोष्ठी के दूसरे दिन भाषा में लालित्य तत्त्व विषय पर आयोजित सत्र में डॉ. शोभा सिंह विद्यानिवास मिश्र के साहित्य, संत कीनाराम त्रिपाठी कुबेरनाथ राय तथा डॉण् अमर नाथ अमर अज्ञेय के साहित्य पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। समापन सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार सूरज सिंह नेगी सभी प्रतिभागी साहित्यकारों का सम्मान करेंगे।

संगोष्ठी की संयोजिका सुमन द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान एवं राजस्थान फोरम के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, वाराणसी, प्रयागराज, बेंगलुरु, मुंबई, अहमदाबाद सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों से लगभग 65 से 70 साहित्यकार, कवि, लेखक एवं चिंतक भाग लेकर साहित्यिक विमर्श को नई दिशा देंगे।

# तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में सहस्त्र घट व 56 भोग आयोजित

निसं

जयपुर (नवयत्न)। श्रावण मास के अवसर पर सांगानेर के श्योपुर गांव स्थित तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को सहस्त्र घट, 56 भोग और 1100 दीपकों की महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया और फूल बंगला झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। आचार्य पंडित रमेश शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सहस्त्र घट अभिषेक संपन्न हुआ। भगवान भोलेनाथ का सुगंधित द्रव्यों, पंचामृत एवं विभिन्न फलों के रसों से विधिवत अभिषेक किया गया। इसके बाद विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान का मनमोहक फूल बंगला सजाया गया तथा उन्हें शीतलता प्रदान करने वाले फलों और विभिन्न मिष्ठान्नों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में विराजमान राम दरबार की भी विशेष पूजा-अर्चना की गई और छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई गई। शाम को बैंड-बाजों के साथ श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के माहौल में 1100 दीपकों से भगवान शिव की महाआरती कीए जिससे पूरा मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।

## 551 किलो दूध से हुआ अभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बापू नगर स्थित जनता स्टोर के समीप श्री सिद्धपीठ शनिधाम नवग्रह मंदिर में श्रावण कृष्ण सप्तमी के अवसर पर बुधवार को मंदिर का पाटोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शनि महाराज का 551 किलो दूध से दुग्धाभिषेक किया गया तथा विशेष पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। मंदिर प्रवक्ता नारायण गौशिल ने बताया कि पाटोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने शनि महाराज का दुग्धाभिषेक कर काली वस्तुएं अर्पित कीं और शनि स्तोत्र का सामूहिक पाठ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुए अभिषेक के बाद भगवान शनि को नवीन पोशाक धारण कराई गई। पूरे मंदिर परिसर को मोगरे के सुगंधित फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान का मनोहारी फूल बंगला सजाया गया और खीर का भोग अर्पित किया गया। महाआरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शनि के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी वितरित की गई। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की आस्था और जय शनिदेव के जयघोष से गूंजता रहा।

## अब क्यूआर कोड से होगा अस्पतालों में ऑनलाइन पंजीयन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए आभा आधारित ऑनलाइन ओपीडी पंजीयन व्यवस्था शुरू कर दी गई है। अस्पतालों के ओपीडी पर्ची काउंटरों सहित प्रमुख स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर मरीज ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे और टोकन नंबर के आधार पर चिकित्सक से परामर्श ले सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे प्रत्येक व्यक्ति का डिजिटल हेल्थ अकाउंट तैयार होगा। नई व्यवस्था से पर्ची काउंटरों पर लगने वाली कतारों से राहत मिलेगी और समय की बचत होगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि क्यूआर कोड से पंजीयन होने पर अस्पताल को प्रति मरीज 20 रुपये और आभा एप के माध्यम से परामर्श देने पर चिकित्सक को 5 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी। साथ ही जांच रिपोर्ट भी ऑनलाइन उपलब्ध होगी, जिससे मरीज घर बैठे रिपोर्ट देख सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर अन्य अस्पतालों में भी अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड का उपयोग कर सकेंगे।

## महिला ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बाड़मेर इकाई ने कार्रवाई करते हुए बालोतरा जिले की ग्राम पंचायत जूनाखेड़ा की ग्राम विकास अधिकारी सपना कुमारी को प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त जारी कराने के नाम पर 4 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। रिश्वत की राशि आरोपिता के किराए के मकान से बरामद की गई। एसीबी बाड़मेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपिता सपना कुमारीए ग्राम पंचायत जूनाखेड़ा, पंचायत समिति धोरीमन्ना जिला बालोतरा में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है। एसीबी के अनुसार परिवादी की पत्नी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवास स्वीकृत हुआ था। आवास का निर्माण पूरा होने के बाद तीसरी किश्त के 60 हजार रुपए जारी करने के लिए जियोटैगिंग फोटोग्राफ ऑनलाइन करने की एवज में आरोपिता ने 4,500 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाया। बुधवार को धोरीमन्ना कस्बे के भादू मार्केट स्थित आरोपिता के किराए के मकान पर परिवादी से तयशुदा 4,500 रुपए रिश्वत लेते ही एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई। एसीबी आरोपिता से पूछताछ कर रही है।

## सोनी समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 10 अगस्त तक होंगे पंजीकरण

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था डीडवाना-कुचामन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय द्वितीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 23 अगस्त तक राजकीय खेल स्टेडियम डीडवाना में होगा। महावीर प्रसाद जटावत ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के पंजीकरण 10 अगस्त तक किए जाएंगे। पंजीकरण शुल्क 6100 रुपये निर्धारित किया गया है तथा अधिकतम 16 टीमों को ही प्रवेश दिया जाएगा। संस्था के अनुसार विजेता टीम को 31 हजार रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को भी नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मैच निविया टेनिस बॉल से खेले जाएंगे तथा उनका लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और टी-शर्ट की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जाएगी।

## सम्पादकीय

# बहस के बजाय हंगामा

लोकसभा और राज्यसभा में शोर-शराबे के बीच जिस तरह विधेयक प्रस्तुत एवं पारित हो रहे हैं, उससे संसदीय चर्चा के गिरते स्तर का ही पता चलता है। संसद में हंगामा करके विपक्ष अपना ही नहीं, देश का भी नुकसान कर रहा है, क्योंकि जनता को पता ही नहीं चल पा रहा है कि जो विधेयक बिना किसी बहस के पारित हो रहे हैं, उनके गुण-दोष क्या हैं और उनसे उसे क्या हासिल होने वाला है? यह सामान्य बात नहीं कि पेपर लीक विरोधी कानून में संशोधन वाले विधेयक पर तो संसद में चर्चा हुई, लेकिन अन्य अनेक विधेयकों के मामले में विपक्ष ने इसकी नौबत ही नहीं आने दी। विपक्ष हंगामा करने में व्यस्त है और सरकार लोकसभा और राज्यसभा से विधेयक पारित कराने में। संसद में विचार-विमर्श के स्थान पर हंगामा करके विपक्ष एक तरह से सत्तापक्ष का काम ही आसान कर रहा है।

वह सरकार को जवाबदेह बनाने के अवसर अपने हाथों गंवा रहा है। आखिर किसी भी सरकार के लिए इससे सुविधाजनक और क्या होगा कि उससे जनहित के मुद्दों और महत्वपूर्ण विधेयकों के प्रविधानों पर कुछ पूछा ही न जाए? जब विपक्ष के लिए यह चिंता का विषय बनना चाहिए कि सरकार अपना विधायी काम आसानी से पूरा कर ले रही है, तब वह हंगामा करके खुश है।

यह नकारात्मक राजनीति की पराकाष्ठा ही नहीं, अपने संसदीय दायित्वों से मुंह मोड़ने वाला आचरण है। ऐसा लगता है कि विपक्षी दल इस नतीजे पर पहुंच गए हैं कि अब किसी मुद्दे पर कोई सार्थक बहस करने से बेहतर है हंगामा करना। यह एक तरह से संसद का निरादर है।

विपक्ष इस निष्कर्ष पर भी पहुंच गया लगता है कि बात-बात पर मंत्री के इस्तीफे की मांग करके वह अपनी गंभीरता प्रदर्शित करने में सफल हो जा रहा है। सच यह है कि यह गैर-जिम्मेदाराना रवैया है, क्योंकि संसद का दायित्व राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा करना और देश को दिशा देना है। संसद है ही इसीलिए कि वह जनहित के विषयों पर चर्चा करे और यदि सरकार किसी मुद्दे पर बहस से बचती दिखे, तो उसे इसके लिए विवश करे। बीते कुछ दिनों से विपक्ष राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर गृह मंत्री के त्यागपत्र की मांग यह जानते हुए भी करने में लगा हुआ है कि इस मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं। विपक्षी दल इतने नादान नहीं हो सकते कि यह न जानते हों कि धार्मिक स्थलों में दान की चोरी होती रहती है और इस समस्या का समाधान किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करने से नहीं होने वाला। इसके बाद भी वे राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में गृह मंत्री का त्यागपत्र चाह रहे हैं। कल को यदि किसी मठ, मंदिर, चर्च, मस्जिद आदि में दान की चोरी का मामला सामने आता है तो क्या वे फिर से गृह मंत्री का त्यागपत्र मांगेंगे?

## विशेष आलेख

# आर्टिकल 370 पर बदजुबानी कर रहे थे जरदारी और शहबाज शरीफ

## मोदी ने खुद आगे आकर दिया करारा जवाब



जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान ने एक बार फिर पुराना राग अलापने की कोशिश की, लेकिन उसकी इस बदजुबानी का करारा जवाब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि 5 अगस्त 2019 का ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए एक निर्णायक नए युग की शुरुआत था। उन्होंने दो टूक कहा कि बीते सात वर्षों में इन दोनों क्षेत्रों ने विकास, सुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया, जब पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने भारत के इस संवैधानिक फैसले को लेकर फिर से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विवाद खड़ा करने की कोशिश की। भौगोलिकसंदर्भ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि सात वर्ष पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35ए इतिहास बन गए थे और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के विकास का नया अध्याय शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि वर्षों तक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहे महिलाओं, अनुसूचित वर्गों और अन्य वंचित समुदायों को अब भारतीय संविधान का पूरा संरक्षण और अधिकार मिला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, उद्यमिता और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और केंद्र सरकार इन क्षेत्रों को विकसित भारत की यात्रा का मजबूत भागीदार बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस वर्ष अनुच्छेद 370 हटाए जाने की वर्षगांठ इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के वर्ष में पड़ रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए डॉ. मुखर्जी ने जिस संकल्प का सपना देखा था, वह 5 अगस्त 2019 को साकार हुआ।

दूसरी ओर, पाकिस्तान ने एक बार फिर 5 अगस्त को तथाकथित यौम-ए-इस्तेहसाल के रूप में मनाते हुए भारत के खिलाफ बयानबाजी की। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दावा किया कि भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को समाप्त कर अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर के लोगों को अपना नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन जारी रखेगा तथा इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहेगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इसी सुर में बयान देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान पाकिस्तान की विदेश नीति का प्रमुख आधार बना रहेगा। उन्होंने भारत पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की। वहीं उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भी भारत के 5 अगस्त 2019 के फैसले को एकतरफा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाने की मांग दोहराई। कुल मिलाकर देखें तो पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर वही पुराने आरोप लगाए, जिन्हें भारत लगातार खारिज करता रहा है।

हालांकि पाकिस्तान की यह बयानबाज़ी इसलिए भी खोखली और दोगली नजर आती है क्योंकि जो देश कश्मीरियों के अधिकारों की दुहाई देता है, वही पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में अपने ही कब्जे वाले इलाके के लोगों पर दमनचक्र चला रहा है। हाल ही में खुद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने पीओजेके में आंदोलन कर रहे स्थानीय लोगों को भारत की तरह पाकिस्तान का दुश्मन तक करार दिया। पीओजेके में असीम मुनीर के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिन्हें दबाने के लिए बल प्रयोग किया जा रहा है। कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं, बिजली की आपूर्ति बाधित की गई, राशन और आवश्यक सुविधाओं पर भी असर पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनकी आवाज को बलपूर्वक कुचला जा रहा है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि जो पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर में रहने वाले लोगों के साथ न्याय नहीं कर पा रहा, वह जम्मू-कश्मीर के लोगों की चिंता जताने का नैतिक अधिकार कैसे रखता है? स्पष्ट है कि कश्मीर के नाम पर पाकिस्तान की राजनीति महज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रचार और दुष्प्रचार तक सीमित रह गई है।

दूसरी ओर, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं को तेज गति मिली है। श्रीनगर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटी और वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी जैसी वैश्विक पहचान मिली है। डल झील में संगीत फव्वारे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने क्षेत्र में बढ़े विश्वास और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की है। सड़क, रेल और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है, शिक्षा और उद्यमिता के नए अवसर पैदा हुए हैं तथा स्थानीय हस्तशिल्प और पर्यटन उद्योग को नई ऊर्जा मिली है। पत्थरबाजी खत्म हो गयी है, अलगाववादी टूट चुके हैं और आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और लाल चौक पर तिरंगा शान से लहरा रहा है।

बहरहाल, सात वर्षों बाद तस्वीर बिल्कुल साफ है। एक ओर पाकिस्तान है, जो अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर में रहने वाले लोगों को ही दमन, इंटरनेट बंदी, बिजली कटौती और सैन्य कार्रवाई के साये में जीने को मजबूर कर रहा है, जबकि दूसरी ओर भारत का मुकुट जम्मू-कश्मीर है, जो विकास, निवेश, पर्यटन, रोजगार और सुशासन की नई पहचान बना रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया 5 अगस्त 2019 का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक बदलाव नहीं था, बल्कि जम्मू-कश्मीर को अलगाववाद और पिछड़ेपन के दौर से निकालकर विकास और राष्ट्रीय एकीकरण की मुख्यधारा में लाने वाला निर्णायक मोड़ साबित हुआ। यही वजह है कि आज पाकिस्तान के आरोपों से अधिक प्रभावशाली वह बदली हुई तस्वीर है, जिसे जम्मू-कश्मीर की धरती पर विकास, शांति और जनविश्वास के रूप में पूरी दुनिया देख रही है।

## स्वास्थ्य समाचार

# शुगर लेवल को रखना है बैलेंस या बढ़ाना चाहते हैं वजन, मीठा आलू करेगा आपकी मदद

मीठे आलू जिसे शकरकंद के नाम से जाना है आप में से सभी ने कभी ना कभी खाया होगा। आप क्या इसके फायदे जानते है यह दो तरह होते हैं। लाल वाले शकरकंद और सफेद शकरकंद। दोनों ही बहुत से पोषक तत्वों से भरपूर हैं। लाल वाले शकरकंद बीटा कैरोटीन से भरपूर होता है। ये अपनी सुगंध से जाने जाते हैं। सफेद वाले मीठे आलू स्वाद में कम मीठे होते हैं। लेकिन फायदे इसके भी भरपूर होते हैं। यह फाइबर से भरपूर होता हैं जो हमारी डाइजेशन सिस्टम को स्वस्थ रखने का काम करता है।

### मीठा आलू करेगा अस्थमा को दूर



मीठा आलू या शकरकंद दमे की परेशानी को दूर कर सकता है। यह फेफड़े के संक्रमण को कम करने में सहायक है। यह सीने और गले में जमा कफ को बाहर निकाल कर खांसी और सीने में जकड़न की परेशानी को दूर कर देता है। अस्थमा की परेशानी में इसको भून कर खाना फायदेमंद होता है।

### कैंसर सेल्स को रोकने में सहायक

मीठा आलू कई तरह के कैंसर जैसे आँतों का कैंसर, किडनी का कैंसर, सेस्टेस्ट के कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकने में मदद करता है। इसमें बीटा कैरोटीन और विटामिन सी होता है जो इन बिमारियों की रोकथाम में सहायक है। इसके छिलकों में बीटा कैरोटीन, एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी कोर्सिनोजेनिक पदार्थ पाया जाता है। शकरकंद को छिलके समेत खाने की कोशिश करें।

### पेट के अल्सर को करे दूर

अगर आपके पेट में अल्सर है आपके पेट में दर्द रहता है तो मीठा आलू आपके लिए फायदेमंद है। यह अल्सर में होने वाले दर्द और सूजन की परेशानी को दूर करने वालों तत्वों से भरपूर होते हैं। इसमें एंटी इंफलेमेट्री गुण पाए जाते हैं जो आपकी अल्सर की समस्या को दूर करते हैं।

### डायबिटीज की परेशानी को कम करने में मददगार मीठा आलू

स्वाद में मीठा होने की वजह से आप सोचते होंगे कि यह शुगर लेवल की परेशानी को बढ़ाने वाला होगा। लेकिन यह आपकी डायबिटीज की इस परेशानी को कम करता है। यह आपकी बॉडी में ज्यादा इंसुलिन बनने से रोकता है और शुगर लेवल को बैलेंस रखता है। स्वाद में मीठा होने कारण डायबिटिक लोग मीठे की क्रेविंग होने पर इसका सेवन कर सकते हैं।

### वजन बढ़ाने में सहायक

जिन लोगों का वजन किसी कारण से कम है या किसी बीमारी की वजह से आपको कमजोरी है तो आप शकरकंद को



अपने भोजन में शामिल कर सकते हैं। आप स्नेक्स में भी शकरकंद ले सकते हैं। इसमें काफी मात्रा में स्टार्च होता है साथ ही बहुत से विटामिन और प्रोटीन पाए जाते हैं जो आपका वजन बढ़ा सकते हैं। यह डाइजेस्टिव होते हैं और आपको किसी भी तरह से हार्मफुल नहीं होते हैं। यह एनर्जी लेवल को भी बढ़ाते हैं।

### गठिया के दर्द से दिलाये छुटकारा

अगर आप भी गठिया से होने वाले दर्द से परेशान हैं तो मीठा आलू आपकी इस परेशानी को कम करेगा। इसमें मैग्नीशियम, बीटा कैरोटीन, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता हैं जो आपके गठिया के दर्द से छुटकारा दिला सकता हैं।

# ग्रीन टी पीते हैं तो ध्यान रखें यह सावधानियां वरना हो सकते हैं गंभीर नुकसान

आज के समय में फिटनेस फ्रीक लोगों के बीच कॉफी से ज्यादा ग्रीन टी पीने का चलन है। गरी टी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसका सेवन करने से आपके शरीर का चयापचय ठीक रहता है और वजन कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा गरी टी पीने से आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि ग्रीन टी पीने से आपके बाल और स्किन को भी बड़ा फायदा मिलता है। लेकिन जिस तरह से किसी भी चीज का बहुत ज्यादा सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक होता है उसी तरह गरी टी का भी ज्यादा सेवन आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

### ग्रीन टी पीने के नुकसान

वैसे तो ग्रीन टी पीने से आपकी सेहत को कई फायदे मिलते हैं लेकिन गलत ढंग से इसका सेवन करना बहुत नुकसानदायक भी हो सकता है। दिन में कई बार ग्रीन टी पीने से आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिन में ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 कप ग्रीन टी पीना फायदेमंद होता है। इससे ज्यादा ग्रीन टी का सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे मरोड़ आदि हो सकता है।

- 2 से 3 कप ग्रीन टी से ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको गंभीर सिरदर्द की समस्या होती है। इसकी वजह से आपको माइग्रेन की समस्या का खतरा रहता है।
- बहुत ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको पेट और पाचन से जुड़ी परेशानियों से जूझना पड़ सकता है। इसकी वजह से आपके पेट में मरोड़, दर्द और अपच की समस्या हो सकती है।
- ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको नींद से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं। ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपके शरीर में मेलाटोनिन हॉर्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है जिसकी वजह से



नींद की कमी हो सकती है।
- ग्रीन टी का ज्यादा सेवन करने से आपको उल्टी और मतली की समस्या हो सकती है। ग्रीन टी में टैनिन की मात्रा ज्यादा होती है जो उल्टी का कारण बन सकती है।
- बहुत ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपका ब्लड प्रेशर कम हो सकता है और इसकी वजह से कई दूसरी परेशानियां भी हो सकती हैं।

### ग्रीन टी पीते समय ध्यान रखें ये बातें

वैसे तो ग्रीन टी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन कुछ समस्याओं में इसका सेवन करने से कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। एक्सपर्ट्स और डॉक्टर्स यह कहते हैं कि रोजाना संतुलित मात्रा में ही ग्रीन टी का सेवन करना चाहिए इसके अलावा कुछ समस्याओं में ग्रीन टी पीने से परहेज भी रखना चाहिए। अगर आपको एनीमिया की समस्या है ग्रीन टी पीने से बचें। एनीमिया में ग्रीन टी का बहुत सेवन करने से आपका हीमोग्लोबिन लेवल और कम हो सकता है। इसके अलावा मोतियाबिंद या आंख से जुड़ी दूसरी गंभीर समस्या से पीड़ित हैं तो ग्रीन टी पीने से बचना चाहिए। इसकी वजह से आपकी आंखों पर दबाव पड़ता है और आंख से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं। ऐसे लोग जो एंटी-बायोटिकदवा का सेवन कर रहे हैं उन्हें भी ग्रीन टी का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

# अदरक और मिश्री का काढ़ा पीने से मिलता है इन समस्याओं में आराम

सर्दी के मौसम में इन्फेक्शन, जुकाम और खांसी आदि की समस्या से बचने के लिए लोग अक्सर काढ़ा का सेवन करते हैं। अदरक और मिश्री का काढ़ा इस मौसम में बहुत फायदेमंद माना जाता है। अदरक में मौजूद औषधीय गुण शरीर की कई समस्याओं को दूर करने का काम करते हैं। चाहे गले की खराश हो या सर्दी-जुकाम की समस्या हो इन सभी परेशानियों में अदरक और मिश्री का काढ़ा बहुत फायदेमंद होता है। अदरक का काढ़ा पीने से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। एलर्जी की समस्या हो या बुखार की परेशानी इन सभी समस्याओं में अदरक और मिश्री का काढ़ा पीने से बहुत फायदा मिलता है। अदरक में मौजूद कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फाइबर, सोडियम, विटामिन, जिंक जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इसका सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाए :** अदरक और मिश्री का काढ़ा पीने से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बूस्ट होती है। इसका सेवन करने से शरीर को पर्याप्त पोषक तत्व मिलते हैं और नियमित रूप काढ़ा पीने से आपको इन्फेक्शन आदि से बचने में मदद मिलती है।

**एलर्जी की समस्या में फायदेमंद :** एलर्जी की समस्या में भी अदरक और मिश्री का काढ़ा पीने से बहुत फायदा मिलता है। अदरक में मौजूद गुण एलर्जी से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

**सर्दी-जुकाम दूर करे :** सर्दी-जुकाम और इन्फेक्शन की समस्या में अदरक और मिश्री के काढ़े का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से आपको खांसी में भी आराम मिलता है।

**पेट के अल्सर की समस्या में फायदेमंद :** पेट के अल्सर की समस्या में भी अदरक और मिश्री का काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद होता है। अदरक में कई ऐसे कंपाउंड पाए जाते हैं जो पेट के अल्सर की समस्या में फायदेमंद होते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

### वृष
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

### मिथुन
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

### कर्क
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

### सिंह
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

### कन्या
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### तुला
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

### वृश्चिक
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### धनु
संपति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### मकर
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### कुंभ
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

### मीन
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

## माहेश्वरी सभा की बैठक आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा तहसील माहेश्वरी सभा की महत्वपूर्ण बैठक होटल रॉयल इन में तहसील अध्यक्ष आनन्द कुमार मल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में तहसील सभा के आगामी कार्यक्रमों, सामाजिक गतिविधियों एवं सेवा प्रकल्पों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समाजहित में विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। तहसील अध्यक्ष आनन्द कुमार मल ने बताया कि तहसील माहेश्वरी सभा द्वारा अपने कार्यकाल के प्रथम प्रकल्प के रूप में जीवदया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आगामी रविवार को ग्राम रोड़ा स्थित श्रीकृष्ण वासुदेव गौशाला में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान गोसेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से समय-समय पर सेवा, जीवदया, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया तथा सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में तहसील सभा के संरक्षक हरिप्रकाश चाण्डक, हरिकिशन डागा एवं जगदीश राठी, तहसील उपाध्यक्ष बाबूलाल मालाणी, संयुक्त मंत्री बजरंग मल एवं प्रचार मंत्री अंकित तोषनीवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने आगामी जीवदया एवं वृक्षारोपण प्रकल्प को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया।

### एक माह से बंद पड़ा तहसील परिसर का आधार केंद्र

## नए आधार कार्ड के लिए 40 किमी दूर डीडवाना जाने को मजबूर लोग




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील परिसर स्थित आधार सेवा केंद्र पिछले करीब एक महीने से तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा है। इसके चलते 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे लोगों को नया आधार कार्ड बनवाने मे भारी जहमत उठानी पड़ रही है। स्थानीय स्तर पर सुविधा बंद होने के कारण उन्हें करीब 40 किलोमीटर दूर डीडवाना जाकर आधार कार्ड बनवाना पड़ रहा है। आधार ऑपरेटर सिकंदर खान ने बताया कि मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले एक महीने से आधार केंद्र की सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। इससे प्रतिदिन आधार बनवाने आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि समस्या के समाधान के लिए टेक्निकल सपोर्ट टीम को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेज दी गई है। वहीं कार्यवाहक प्रोग्रामर राजकुमार जांगिड़ ने बताया कि मशीन में लगातार एरर आ रही है। इस संबंध में जयपुर स्थित डूआईटी कार्यालय को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही तकनीकी खराबी दूर होने के बाद आधार केंद्र की सेवाएं पुनः शुरू कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आधार केंद्र को शीघ्र चालू कराया जाए ताकि आमजन को आधार संबंधी कार्यों के लिए दूसरे शहर का चक्कर न लगाना पड़े।

## तेजाजी मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा पर तेजा भक्तों का सम्मान



निलेश मुद्गल

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** क्यामसर में निर्माणाधीन तेजाजी महाराज मंदिर के लिए 51 हजार रुपए नकद एवं निर्माण सामग्री देने की घोषणा करने पर तेजा भक्त विजेंद्र सिंह जाखड़, उत्तम सिंह गोदारा और कुलदीप महला का राष्ट्रीय जाट महासंघ की ओर से सम्मान किया गया। झुंझुनूं शहर के निकट जाखड़ो का बास निवासी तथा वर्तमान में झुंझुनूं स्थित जाखड़ वाइंस के संचालक विजेंद्र सिंह जाखड़ ने साथियों के साथ मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा की। इस पर राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोयल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार विजय सिंह बेनीवाल, ब्लॉक महासचिव सुरेश कुमार तथा युवा तेजा सेना के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार महला ने साफा व फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि क्यामसर में जनसहयोग से तेजाजी महाराज का भव्य मंदिर निर्माणाधीन है। निर्माण पूरा होने पर यह 165 फीट ऊंचे शिखर वाला देश का सबसे बड़ा तेजाजी मंदिर होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में समाज के लोगों का तन, मन और धन से लगातार सहयोग मिल रहा है।

## विद्या संबल योजना में गेस्ट फैकल्टी हेतु आवेदन आमंत्रित

**चूरू ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित राजकीय विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत आवासीय छात्रों को गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान विषय अध्यापन हेतु विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों से गैस्ट फैकल्टी की सेवाएं ली जानी हैं। इसके लिए 10 अगस्त, 2026 तक गेस्ट फैकल्टी के रूप में सेवानिवृत्त कार्मिक/निजी अभ्यार्थियों से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन पत्र (मय योग्यता प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज) आमंत्रित किए गए हैं।




# भाजपा नेता जांगिड़ ने सीएम के हाथों चूरू जिले का पावन कलश किया ग्रहण

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा के शुभारंभ समारोह में चूरू जिले के प्रभारी के रूप में भाजपा नेता राकेश जांगिड़ शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेता जांगिड़ ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के करकमलों से चूरू जिले का पावन कलश ग्रहण किया। यह कलश संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक समरसता, मानवता एवं सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रतीक है। कार्यक्रम के उपरांत जानकारी देते हुए बताया गया कि समरसता संकल्प कलश यात्रा चूरू जिले की प्रत्येक विधानसभा, प्रत्येक मंडल एवं विभिन्न ग्रामों और नगरों तक पहुँचेगी। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा तथा समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के साथ संत गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपखण्ड अधिकारी ममता लहुआ ने बुधवार को वीसी कक्ष पंचायत समिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की पूर्व तैयारियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने 15 अगस्त के मुख्य समारोह की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ध्वजारोहण स्थल की व्यवस्थाएं, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उपखण्ड अधिकारी ने योजनाओं की प्रगतिए लंबित प्रकरणों एवं विभागीय लक्ष्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बरसात के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर अलर्ट हो गया हैं। वहीं स्वास्थ्य कर्मी मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया आदि की रोकथाम के पुख्ता बंदोबस्त करने में जुट गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य आपके द्वार अभियान शुरू किया गया, जो 27 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत पंचायतीराज विभाग, स्थानीय निकाय आदि अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। मच्छरों के लार्वा को खत्म करने, जल भराव को रोकने और डेंगू, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने संबंधी गतिविधियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि मच्छरों की ट्रांसमिशन चैन को तोड़ने के लिए प्रभावी मच्छररोधी गतिविधियां की जा रही है। इसके लिए सभी ब्लॉक सीएमओ को आशा, एएनएम, सीएचओ की टीमें गठित कर घर घर सर्वे करवाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की टीमों द्वारा किए गए कार्य की मॉनिटरिंग जिला, ब्लॉक, एलएचवी, पीएचएम और मल्टीपर्पज वर्कर्स के द्वारा की जा रही है। आशा, एएनएम, सीएचओ के द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। वहीं बुखार के मरीजों की रक्त स्लाइड ली जा रही हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नालियों व जल भराव वाले स्थानों पर एमएलओ का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं आमजन को प्रत्येक रविवार को ड्राई डे मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि घरों में मच्छरों का लार्वा नहीं पनपें।




# महिला की गोली मारकर हत्या करने वाला इनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना पुलिस ने महिला की गोली मारकर हत्या के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर रिहा होने के बाद अदालत में पेश नहीं हुआ था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता रहा। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रतापनगर क्षेत्र से उसे धर दबोचा। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामवीर जाटव निवासी खेड़ली जिला अलवर का रहने वाला है। आरोपी मानसरोवर थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित था। डीसीपी ने बताया कि आरोपी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद संबंधित अदालत में पेश नहीं हुआ। लगातार अनुपस्थित रहने पर अदालत ने उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसके बाद डीसीपी दक्षिण कार्यालय की ओर से आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके चलते एसीपी मानसरोवर हेमेंद्र के सुपरविजन में मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी अपने परिजनों से भी संपर्क में नहीं था। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से उसकी लोकेशन गुजरात के सूरत में एक कपड़े की दुकान पर मिली। पुलिस टीम वहां पहुंची लेकिन भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया। इसके बाद फेसबुक, इंस्टाग्राम, मोबाइल लोकेशन और बैंक खातों से जुड़े तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भी दबिश दी लेकिन आरोपी वहां से भी चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर मंगलवार देर रात को प्रतापनगर क्षेत्र में घेराबंदी की और आरोपी रामवीर जाटव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है। पूरी कार्रवाई में मानसरोवर थाने के कांस्टेबल लालसिंह की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। टीम में हेड कांस्टेबल घासीराम, हेड कांस्टेबल लोकेश, हेड कांस्टेबल रामसिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



## हिस्ट्रीशीटर दंपत्ति के अवैध तीन मंजिला मकान पर चला बुलडोजर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर हार्डकोर अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर दक्षिण जिले की मानसरोवर थाना पुलिस और जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर दंपत्ति के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस के अनुसार ध्वस्त की गई तीन मंजिला अवैध इमारत की बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना क्षेत्र के गुर्जर की थड़ी स्थित शिव शंकर विहार में हिस्ट्रीशीटर मुकेश सांसी और उसकी पत्नी तीजा देवी ने कथित रूप से अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन से जेडीए की अनुमति लिए बिना तथा भवन बायलॉज का उल्लंघन करते हुए मकान संख्या 36ए और 37 पर तीन मंजिला निर्माण करा रखा था। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के लोगों द्वारा अवैध निर्माण का विरोध किए जाने पर आरोपी उन्हें डराकर-धमकाकर क्षेत्र में खौफ का माहौल बनाते थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त मानसरोवर हेमेंद्र शर्मा के पर्यवेक्षण में मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस और जेडीए की संयुक्त टीम ने समन्वित कार्रवाई करते हुए मकान संख्या 36ए पर किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।





वहीं मकान संख्या 37 के संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1982 की धारा 32 की उपधारा (1) एवं (6) के तहत नोटिस जारी किया गया है। पुलिस के अनुसार हिस्ट्रीशीटर तीजा देवी के खिलाफ मानसरोवर थाने में कुल 12 मामले दर्ज हैं। इनमें 9 मामले अवैध शराब तथा 3 मामले एनडीपीएस एक्ट से जुड़े हैं। इनमें से 11 मामलों में न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है जबकि एक मामला विचाराधीन है। वहीं मुकेश सांसी के खिलाफ 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 6 मामले अवैध शराब तथा 2 मामले एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं। सभी मामलों में न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है। डीसीपी राजर्षि राज ने कहा कि जयपुर दक्षिण पुलिस अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। अवैध गतिविधियों से अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों को चिन्हित कर उन्हें कुर्क करने तथा अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## आयुक्त कॉलेज शिक्षा के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के स्वामी विवेकानंद गर्वनमेंट कॉलेज में छात्र संगठन एसएफआई के नेतृत्व में छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्रों ने कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में वर्तमान कार्यरत डॉ सीपी कुलश्रेष्ठ के माध्यम से देकर महाविद्यालय में पूर्व में कार्यवाहक प्राचार्य महिपाल कुमावत तथा कार्यरत दो अन्य कर्मचारियों मूलचंद सैनी एवं जयप्रकाश का स्थानांतरण निरस्त करने और छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की है। छात्र संगठन एसएफआई के जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार नायक ने बताया कि कॉलेज में कार्यरत उक्त प्राचार्य महिपाल कुमावत एवं अन्य कर्मचारियों के अतिरिक्त छात्राओं के अकादमी कार्य विशेष रूप से मार्कशीट वितरण एडिग्री वितरण व छात्र-छात्राओं से संबंधित अन्य कार्यों का सुचारू रूप से संचालित करते थे। राज्य सरकार की ओर से किए गए स्थानांतरण में उनका तबादला कर दिया गया, जिससे कॉलेज युवाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा छात्र राजनीति के भविष्य के लिए छात्रसंघ चुनाव होना बहुत जरूरी है लेकिन सरकार की हठधर्मिता के कारण छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाएं जा रहे हैं। इस दौरान युवाओं ने प्राचार्य का स्थानांतरण निरस्त करने व छात्रसंघ चुनाव जल्द करवाने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार नायक, दिनेश बबेरवाल, संजय कुमार सैनी, करण सैनी, सीमा सैनी, मनीषा, रितू बजाड़, प्रीति, रवि नायक, मोनू नायक, राहुल नायक, आदित्य कुमार सहित सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# नोखा विधानसभा में 12 करोड़ की सड़कें स्वीकृत

## बजट घोषणा के तहत मिली मंजूरी, पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण संपर्क और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से 16 किलोमीटर मिसिंग लिंक और 37 किलोमीटर नॉन पेचेबल सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत इन सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उनका कहना है कि लंबे समय से संपर्क मार्गों की मांग कर रहे ग्रामीणों को इससे राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### 16 किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कें

जेठादास जी धोरा बासी से सुथारों एवं गोरों की ढाणियों तक 3 किमी, स्टेट हाईवे-20 सोमलसर से आईटीआई कॉलेज तक 200 मीटर, थावरिया गांव से जैसलसर मार्ग पर मेघवालों एवं ब्राह्मणों की ढाणी तक 3 किमी, चरकड़ा रायसर सड़क से बू कर्मसोंता सीमा तक 2.50 किमी, बगरा वाला धोरा से नाथूसर-साईसर सड़क तक 1 किमी, कुदसू से बिश्नोइयों की ढाणी उदासर तक 200 मीटर, अनखीसर-बेरासर डामर सड़क से भवानी नगर राजपूतों की ढाणी तक 2 किमी, हँसासर से राजपूतों, नायकों, मेघवालों, ब्राह्मणों एवं साँसियों की ढाणी तक 2 किमी, दासनु से सिरोलों की ढाणी तक 1.50 किमी, राज्य राजमार्ग-20 काकड़ा से हनुमान जी एवं शिव जी मंदिर तक 350 मीटर।

### 37 किलोमीटर नॉन पेचेबल सड़कें

उड़सर से उड़सर ढाणी फांटा तक 3 किमी, धरनोक से साईसर 5 किमी, नाथूसर से साईसर 11 किमी, दावा प्याऊ से हँसासर 6 किमी, जैसलसर से चैनासर 5 किमी, धूपालिया से जैसलसर 7 किमी।

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

बिहारीलाल बिश्नोई ने इन सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और बेहतर सड़क नेटवर्क विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इन सड़कों के निर्माण से हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

निसं




**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ थाना परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान के वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाधिकारी गोपाल सिंह थालोर की अगुवाई में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के संयोजक वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने बताया कि पेड़ लगाकर हमें पर्यावरण संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी सभा डूंडलोद इकाई के अध्यक्ष सीताराम सैनी, मदन लाल स्वामी, गंगाधर किलानिया, मांगीलाल उदावत, बीट अधिकारी शिवप्रसाद मीणा, महिला पुलिसकर्मी सुमन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# स्ट्रेस को दूर करेंगे ये फूड्स, डाइट में जरूर करें शामिल



आजकल की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्ट्रेस, डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। आजकल हर कोई जीवन में आगे बढ़ने की होड़ में लगा हुआ है। जीवन में पैसे कमाने और सफलता पाने के चक्कर में हम अक्सर अपनी सेहत को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। बड़े ही नहीं युवा और बच्चे भी स्ट्रेस की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में आप अपनी डाइट और जीवनशैली में कुछ बदलाव करके स्ट्रेस की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**अखरोट :** ड्राई फ्रूट्स में भरपूर मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड मौजूद होता है जो हमारे मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी है। ड्राई फ्रूट्स की बात करें तो दिमाग के बेहतर स्वास्थ्य और स्ट्रेस की समस्या से बचने के लिए अखरोट बहुत फायदेमंद माना जाता है। अखरोट में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग की मरम्मत करता है। इसके साथ ही यह डिप्रेशन के लक्षणों को भी रोकता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** यह बात तो आप जानते ही होंगे कि हरी पत्तेदार सब्जियाँ हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी फायदेमंद हैं। पालक, मेथी, पत्ता गोभी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में मैग्नेशियम, विटामिन, आयोडीन, बीटा-कैरोटीन और फोलेट जैसे कई पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं जो दिमाग को तंदरुस्त रखने के लिए जरूरी हैं। साल 2015 में हुई एक रिसर्च के मुताबिक डिप्रेशन का एक मुख्य कारण मस्तिष्क में आई सूजन है। इससे बचने के लिए डॉक्टर्स हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने की सलाह देते हैं। नियमित रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से स्ट्रेस, डिप्रेशन, दिमाग में सूजन और ब्रेन डैमेज जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कम होता है।

**ग्रीन टी :** ग्रीन टी पीने से सिर्फ वेट लॉस में ही मदद नहीं मिलती बल्कि इसके सेवन से मूड भी अच्छा होता है। ग्रीन टी में थायमिन नामक अमीनो एसिड पाया जाता है जो मूड अच्छा करता है। थायमिन में स्ट्रेस और डिप्रेशन के लक्षणों को रोकने की क्षमता होती है और यह दिमाग को शांत करता है। थायमिन से दिमाग में सेरोटोनिन और डोपामाइन के स्तर में वृद्धि होती है। डिप्रेशन के लक्षणों से बचने के लिए आप ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं।

**बीज :** बीज हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। यही वजह है कि लोग हेल्दी स्नैक के तौर पर कद्दू, सूरजमुखी, सब्जा आदि जैसे बीजों का सेवन करते हैं। तनाव की समस्या से बचने के लिए अपने आहार में कद्दू के बीज जरूर शामिल करें। इसमें प्रचुर मात्रा में पोटैशियम और ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है जो दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करता है। कद्दू के बीज में जिंक भी मौजूद होता है जो मूड को अच्छा रखता है।

**मछली :** दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए मछली का सेवन करना अच्छा माना जाता है। साल्मन, मैकरेल, सारदिंस और ट्यूना जैसी मछलियों में भरपूर मात्रा में ओमेगा-3 फैट होता है जो मस्तिष्क को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही ओमेगा-3 फैटी एसिड से दिमाग में सेरोटोनिन नाम के केमिकल रिलीज होता है जो मूड को अच्छा बनाता है। अगर आप माँसाहार का सेवन करते हैं तो स्ट्रेस से बचने के लिए मछली का सेवन जरूर करें।

# चेहरे पर काले दाग-धब्बे को दूर करने के लिए अपनाएं आप ये घरेलू उपाय

**अक्सर महिलाओं को चेहरे के काले दाग धब्बों के कारण शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। यह दाग धब्बे न केवल खूबसूरती छीन लेते हैं बल्कि इनसे व्यक्ति की सेहत पर भी गलत प्रभाव पड़ सकता है। आज हम बात कर रहे हैं चेहरे पर होने वाले काले दाग धब्बे और हाइपर पिगमेंटेशन की। यह चेहरे, गर्दन, हाथ आदि पर भूरे रंग के, लाल रंग के, ग्रे रंग के रूप में देखने को मिल सकते हैं। बता दें कि मेलानिन के कारण व्यक्ति को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे अलग हार्मोनल चेंजेस के कारण भी यह समस्या हो सकती है। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय इस समस्या से छुटकारा दिलाने में आपके काम आ सकते हैं।**

## हल्दी का इस्तेमाल

हल्दी के फेस पैक से इन धब्बों को दूर किया जा सकता है। ऐसे में आम हल्दी के साथ नींबू और दूध को मिलाएं और एक पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को तकरीबन 10 से 15 मिनट के लिए प्रभावित स्थान पर लगाएं। ऐसा करने से दाग धब्बों से जल्दी छुटकारा मिल जाएगा और चेहरा चमकने लगेगा।

## संतरे के छिलकों का इस्तेमाल :

संतरे के साथ-साथ संतरे के छिलके के अंदर भी कई ऐसे पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं। जो सेहत को तंदुरुस्त बना सकते हैं। बता दें कि संतरे का छिलका चेहरे के काले धब्बों को भी दूर कर सकता है। ऐसे में आप संतरे के छिलके का पाउडर तैयार करें और उसमें दूध और शहद को मिलाएं। अब बने मिश्रण को प्रभावित स्थान पर लगाएं। थोड़ी समय बाद इसे धो लें। धोने के बाद आपको चेहरा खिला-खिला नजर आएगा।

## ग्रीन टी का इस्तेमाल :

ग्रीन टी का फेस पैक चेहरे को कई समस्याओं से दूर करने में आपके काम आ सकता है. ऐसे में आप ग्रीन टी के पत्तों को बेसन, हल्दी, दलिया के साथ मिक्सी में चलाएं और उसमें थोड़ा सा पानी मिलाएं। अब बने मिश्रण को प्रभावित स्थान पर लगाएं। ऐसा करने से चेहरे के दाग धब्बों से छुटकारा मिल सकता है।

## पपीते का इस्तेमाल :

पपीता स्वाद में जितना अच्छा होता है इसके अंदर पाए जाने वाले गुण भी उतने ही आकर्षक होते हैं। ऐसे में बता दें कि पपीते के फेस पैक से चेहरे की कई समस्याओं को दूर किया जा सकता है। पपीते के गूदे को प्रभावित स्थान पर लगाएं और थोड़े समय बाद सादे पानी से धो लें। ऐसा करने से त्वचा के काले धब्बों से छुटकारा मिल जाएगा।

## लहसुन का इस्तेमाल :

लहसुन की कलियां जितना खाने में प्रभावशाली है उतना इसका फेस पैक भी प्रभावशाली साबित हो सकते है। इसका फेस पैक बनाने के लिए लहसुन की कुछ कलियों को प्याज के टुकड़ों के साथ पीस लें और उनका रस निकालें। अब इसको प्रभावित स्थान पर लगाएं ऐसा करने से दाग धब्बों से छुटकारा मिल सकता है।

## चंदन का इस्तेमाल :

चंदन के इस्तेमाल से भी दाग धब्बों को दूर किया जा सकता है। ऐसे में आप चंदन के साथ दूध ग्लिसरीन को मिलाएं और एक पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को प्रभावित स्थान पर लगाएं। इससे अलग आप चंदन के पाउडर में गुलाब जल की कुछ बूंदों को मिलाएं और प्रभावित स्थान पर लगाएं। जब पेस्ट सूख जाए तो सादे पानी से धो लें। ऐसा करने से भी दाग धब्बों से आराम मिल सकता है।

# लो-कार्ब डाइट से सेहत को मिलते हैं ढेर सारे फायदे



लो कार्ब डाइट वजन कम करने के लिए काफी पॉपुलर हो रही है। इस तरह की डाइट में व्यक्ति अपने खाने की थाली में कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा कम कर देता है। ध्यान रखें, इसमें कार्बोहाइड्रेट या कार्ब्स को न खाने के बारे में नहीं कहा गया, बल्कि इसे कम करने के बारे में कहा गया है। इस तरह की डाइट के ढेर सारे फायदे होते हैं। इन फायदों में एक बड़ा फायदा यह है कि इस लो-कार्ब डाइट से आंखों की रोशनी बढ़ती है। ये डाइट मोतियाबिंद के मरीजों को अच्छे से देखने में भी बहुत लाभदायक साबित हो सकती है। कई बार तो जिन लोगों को मोतियाबिंद होता है वह बिल्कुल ही अपनी आंखों की देखने की क्षमता खो देते हैं।

## पेट की चर्बी को तेजी से कम होती है



बेली फैट आपके सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। यह बहुत ही भद्दा भी दिखता है। साथ में बेली फैट बहुत जिद्दी होता है। जो आसानी से कम होने का नाम ही नहीं लेता है। लो कार्ब डाइट के माध्यम से आप अपना बेली फैट आसानी से कम कर सकते हैं। अन्य डाइट प्लान के मुकाबले इस डाइट से आपका बेली फैट तेजी से कम होता है।

## आपकी भूख शांत करने में होती है मददगार



कोई भी डाइटिंग करते समय सबसे बड़ा नुकसान हमें यही लगता है कि हम अपने शरीर को सामान्य से अधिक भूखा रखना शुरू कर देते हैं। जिसकी वजह से हमें और अधिक भूख लगने लगती है। लेकिन लो कार्ब डाइट में आप फैट की मात्रा अधिक ले सकते हैं। इसमें आपको प्रोटीन भी अधिक मात्रा में मिलेगा। जिस कारण आपका पेट काफी लंबे समय तक भरा रहेगा। साथ ही आपको भूख भी नहीं लगेगी।

## गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने में है सहायक



आपके शरीर के लिए कुछ कोलेस्ट्रॉल के लेवल आवश्यक होते हैं। जिन्हें एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल लेवल कहा जाता है। अगर आपके शरीर में इस कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है। तो आपको हृदय रोगों का रिस्क काफी कम हो जाता है। अगर आप हेल्दी फैट और कम कार्ब का सेवन करते हैं, तो आपका इस कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ सकता है। इसके लिए आप लो कार्ब डाइट फॉलो कर सकते हैं।

## ब्लड प्रेशर कम करता है



ब्लड प्रेशर भी आपकी सेहत को बहुत प्रभावित करता है और यह आपके हृदय के लिए एक खतरे की निशानी होता है। लो कार्ब डाइट के माध्यम से आपका ब्लड प्रेशर लेवल नियंत्रित होने में मदद मिलती है। जिसकी वजह से आप बहुत सारी बीमारियों जैसे हृदय रोगों, स्ट्रोक और किडनी रोगों आदि से बच कर रह सकते हैं।

## मेटाबॉलिक सिंड्रोम ठीक करने में मददगार

मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने पर आपको कई सारी स्थितियों का एक साथ सामना करने को मिल सकता है। जिनमें कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ना, ब्लड प्रेशर बढ़ना, मोटापा अधिक बढ़ना आदि शामिल हैं। यह सारी स्थिति आपकी सेहत को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए आपको लो कार्ब डाइट फॉलो करनी चाहिए ताकि यह रिस्क कम हो सके।

# किडनी स्वास्थ्य और फंक्शनिंग के लिए ये फूड आइटम है बेहतरीन



कोरोना काल के बाद से हर कोई इस बात को समझ गया है कि सेहत कितनी ज्यादा जरूरी है। एक्सरसाइस के बाद पोषक तत्वों से भरपूर आहार आपके शरीर को स्वस्थ और किसी भी बीमारी से मुक्त रखने के लिए काफी है।

एक अच्छी डाइट जिसमें पौष्टिक खाना शामिल हों, वह इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है और कई बीमारियों से लड़ने के लिए जरूरी है। ऐसे में किडनी शरीर का एक ऐसा अंग है जो शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करता है। खराब खान-पान और गलत जीवनशैली की आदतों के कारण किडनी खराब हो सकती है इसलिए डाइट में पोष्टिक आहार का खाना बहुत जरूरी है।

**लहसुन ( गार्लिक ) :** लहसुन में सोडियम, पोटेशियम और फास्फोरस की मात्रा कम होती है। ऐसे में ये आपके किडनी को स्वस्थ और कार्यशील रखता है। यह किडनी की बीमारी के रोगियों के लिए भी अच्छा माना जाता है।

**हरी सब्जियां :** हरी सब्जियां जैसे पालक, केल और चार्ड किडनी को स्वस्थ रखने के लिए बेहतरीन हैं। इनमें भारी मात्रा में फाइबर और मिनरल्स होते हैं जो आपके शरीर के लिए आवश्यक होते हैं।

**सेब :** सेब सेहत के लिए एक स्वस्थ फल है जिसे रोजाना खाना चाहिए। इसमें पेक्टिन नामक फाइबर होता है, जो किडनी को डैमेज करने से बचाता है।

**नानास :** अनानास एक बेहद हेल्दा फल है। इसमें इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के साथ-साथ फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो किडनी की बीमारियों को रोकने में मदद करती है।

# क्या आपके बच्चे भी करते हैं आपस में या दूसरों से ईर्ष्या इन तरीकों से दूर करें बच्चों में ये भावना



बच्चों का मन बेहद कोमल और नाजुक होता है। ऐसे में उनको छोटी से छोटी बात भी ठेस पहुंचा सकती है। वे बहुत जल्दी खुश भी हो जाते हैं और बहुत जल्दी दुखी भी। ऐसे में उनके सामने माता पिता को सामान्य व्यवहार रखना जरूरी होता है। ऐसी एक भावना होती है बच्चों में ईर्ष्या की भावना। यदि बच्चों में ईर्ष्या की भावना पैदा हो जाए तो इसके कारण बच्चे की मानसिक स्थिति पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**एंग्जाइटी की समस्या :** जब बच्चे एंजाइटी की समस्या का शिकार हो जाते हैं तो उनके अंदर ईर्ष्या जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। बता दें कि एंग्जाइटी, तनाव, चिंता आदि ये सब मानसिक स्थिति के ही हिस्से हैं जो बच्चे के मन में जलन या ईशा को पैदा कर सकते हैं।

**बच्चों के साथ सख्ती करना गलत :** कई बार माता-पिता बच्चों पर इतनी रोक लगा देते हैं कि जिसके कारण वे खुद को दूसरे बच्चों से ज्यादा कमजोर समझने लगते हैं। ऐसे में माता-पिता को समझना चाहिए कि बच्चों पर ज्यादा सख्ती करने से बच्चों का आत्मविश्वास कमजोर हो सकता है और वह खुद को दूसरों के मुकाबले कम आंकना शुरू कर सकते हैं।

**दूसरे बच्चों से तुलना करना :** जैसे जैसे बच्चे की उम्र बढ़ती है वैसे-वैसे बच्चों का दायरा भी बढ़ने लगता है। जब माता-पिता अपने बच्चों की तुलना दूसरों के बच्चों के साथ करते हैं तो इसके कारण बच्चे के मन में ईर्ष्या पैदा हो सकती है। उसे ऐसा महसूस हो सकता है कि उसके माता-पिता उससे प्रेम नहीं करते और उसे हर वक्त नीचा दिखाते रहते हैं। माता-पिता को लगता है कि दूसरे बच्चों से तुलना करने पर उनका बच्चा अच्छा परफॉर्म करेगा।

**बच्चों को भरपूर प्यार देना :** माता-पिता अपने बच्चों को इतना प्यार देते हैं कि उसे उसके माता-पिता किसी और के पास जाते हुए अच्छे नहीं लगते। जब माता-पिता किसी और के बच्चे को या दूसरे को इतना प्यार देते हैं तो बच्चे को यह स्वीकार नहीं होता और इसके कारण भी उनके मन में ईर्ष्या की भावना पैदा हो जाती है।

# प्रेगनेंसी के दौरान पति की भी होती हैं जिम्मेदारियां

## प्रेगनेंट वाइफ के साथ कैसा हो आपका व्यवहार



गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को सबसे ज्यादा जरूरत अपने जीवन साथी की होती है। ऐसे में पति को ऐसी परिस्थिति में अपनी पत्नी को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। बता दें कि प्रेगनेंसी के दौरान पति की अहम जिम्मेदारी होती है। ऐसे में अगर पति उस जिम्मेदारी को सही से ना निभाए तो प्रेगनेंसी का दौर बेहद तनावपूर्ण निकल सकता है।

### पत्नी के साथ ना करें झगड़ा

प्रेगनेंसी के 9 महीने बेहद खास होते हैं। ऐसे में पति को ध्यान रखना चाहिए कि वे इन 9 महीनों में अपनी पत्नी के साथ बिल्कुल भी झगड़ा ना करें। वरने ऐसा करने से पत्नी चिंता और तनाव का सामना कर सकती है। जिससे इसका असर बच्चे के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि कम से कम झगड़ा करें।

### समय-समय पर लेकर जाएं डॉक्टर के पास

प्रेगनेंसी के दौरान किसी भी तरीके की समस्या से बचने के लिए समय-समय पर अपनी पत्नी को डॉक्टर के पास लेकर जाएं और उसका पूरा चेकअप कराएं। ऐसा करने से न केवल आपको उसकी करंट स्थिति का पता चलेगा। बल्कि आप यह भी जान पाएंगे कि बच्चे का विकास कितना और कैसे हो रहा है।

### पत्नी के साथ जाएं घूमने

ऐसे समय में महिलाएं अपने मूड स्विंग और चिड़चिड़ाहट से बेहद परेशान रहती हैं। इस परेशानी को दूर करने में पति अहम भूमिका निभा सकते हैं। आप अपनी पत्नी को कहीं बाहर घुमाने लेकर जाएं या उनके साथ डिनर डेट या लंच डेट पर जा सकते हैं। ऐसा करने से न केवल पत्नी खुश रहेंगी बल्कि बच्चे का विकास भी अच्छे से होगा।

### पार्टनर को खास महसूस करवाएं

पत्नी को खास महसूस कराना भी बेहद जरूरी है। ऐसे समय में मां की खुशी का असर बच्चे की सेहत पर भी पड़ता है। इसीलिए पति पत्नी का रिश्ता बेहद मजबूत होना चाहिए। पति अपनी पत्नी की छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरा करें। साथ ही उसके लिए कुछ सरप्राइज या समय-समय पर गिफ्ट दे। ऐसा करने से पत्नी खुद को खास महसूस करेंगी और आपका रिश्ता बेहद मजबूत होगा।

### पत्नी के साथ खास बातचीत

प्रेगनेंसी में महिलाएं चिड़चिड़ाहट और घबराहट महसूस करती हैं। ऐसे में वह पति का साथ चाहती हैं। वहीं अगर पति इस दौर पर पत्नी की बात ना सुने तो उनकी चिड़चिड़ाहट बढ़ जाती है। ऐसे में पति की जिम्मेदारी है कि वह अपनी पत्नी की पूरी बात सुने और साथ ही अपने दिल की बात भी बताएं। इससे अलग पति अपने ऑफिस या अपने वर्कप्लेस के माहौल के बारे में भी बता सकता है। ऐसा करने से पति पत्नी का रिश्ता और मजबूत होगा।



### पत्नी को अकेला महसूस ना करवाएं

ऐसे समय में पत्नी को अकेला महसूस करवाना सही नहीं है। बता दें कि पति की जिम्मेदारी है कि वह ज्यादा से ज्यादा समय अपनी पत्नी के साथ बिताए। ऐसा करने से न केवल पत्नी का तनाव कम होगा बल्कि वह खुद को खुश भी महसूस करेंगी। पति के साथ होने से पति का मूड भी अच्छा रहता है। ऐसे में पत्नी के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं।

# कोलेस्ट्रॉल कम करता है अंकुरित सोयाबीन, इसे खाने से होते है बड़े फायदे

दिन की शुरुआत में प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन सेहत के लिए हमेशा से फायदेमंद रहा है। दरअसल, प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों को खाने से ये आपकी इम्यून सिस्टम को किक स्टार्ट देना का काम करता है। ऐसा ही प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ है अंकुरित सोयाबीन। जी हां, जिस तरह से लोग चने या मूंग को अंकुरित कर खाते हैं, उसी तरह से सोयाबीन के बीजों को भी अंकुरित करके खाया जाता है। इसे खाने से शरीर को प्रोटीन के अलावा आयरन, विटामिन सी और कुछ हेल्दी फैट मिलते हैं जो कि शरीर के सेल्स, टिशूज और कई अंगों के काम काज को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसे आप सलाद, चाट और सूप बना कर खा सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल कम करता है :** अंकुरित सोयाबीन बैड कोलेस्ट्रॉल से पीड़ित लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। दरअसल, इसमें अनसैचरेटेड फैट्स होते हैं जो कि बैड कलेस्ट्रॉल को कम करने और इन्हें पचाने में मदद करते हैं। दरअसल, ये धमनियों पर जमे हुए प्लाक को साफ करता है जो कि गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी बढ़ा सकता है। इस तरह ये कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है। साथ ही ये आपके द्वारा खाए गए अनहेल्दी फैट्स को पचाने में मदद करता है और खून को डिटॉक्सीफाई करता रहता है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल कम दिल के मरीजों और डायबिटीज के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है।

**आयरन की कमी पूरी करता है :** आयरन की कमी के कारण ज्यादातर महिलाएं और बच्चे स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करते रहते हैं। ऐसे में रोज एक मुट्ठी अंकुरित सोयाबीन खाने से ये शरीर में आयरन की कमी को दूर करता है। दरअसल, इसकी खास बात ये है कि अंकुरित सोयाबीन फाइटिक एसिड के स्तर को कम करता है और आयरन को अवशोषित करने में मदद करता है। साथ ही ये हीमोग्लोबिन के उत्पादन में भी मदद करता है। जिन लोगों में हीमोग्लोबिन की भारी कमी है उन्हें अंकुरित सोयाबीन का दूध पीना चाहिए।

# दिनदहाड़े बैंक कैश वैन से 50 लाख से अधिक की लूट
# हथियार दिखाकर कैश बॉक्स लेकर फरार हुए बदमाश

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बैंक की कैश वैन से 50 लाख रुपए से अधिक की नकदी लूटे जाने की बड़ी वारदात सामने आई है। पांचू थाना क्षेत्र के साधुना और सारुडा गांव के बीच सड़क मार्ग पर कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए चार बदमाशों ने हथियारों के बल पर कैश वैन को रुकवाया और कैश बॉक्स लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बैंक की कैश वैन विभिन्न शाखाओं में नकदी पहुंचाने के लिए जा रही थी। इसी दौरान साधुना-सारुडा मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने कैश वैन को रोक लिया। बदमाशों ने वाहन में मौजूद कर्मचारियों को हथियार दिखाकर धमकाया और कुछ ही मिनटों में कैश बॉक्स लेकर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि कैश बॉक्स में 50 लाख रुपए से अधिक की नकदी थी। हालांकि पुलिस अभी लूटी गई राशि का आधिकारिक सत्यापन कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही वृताधिकारी जरनैल सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी करवा दी है तथा संदिग्ध वाहनों और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित रूटों पर जांच में जुटी हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने बैंक कैश वैन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि कैश वाहन में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। ऐसे में बदमाशों ने आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार होने में सफलता हासिल कर ली।

### क्षेत्र में पहली बड़ी कैश लूट

नोखा क्षेत्र में दिनदहाड़े बैंक की कैश वैन से लाखों रुपए की लूट की यह पहली बड़ी घटना मानी जा रही है। घटना के बाद बैंकिंग संस्थानों और आम लोगों में भी चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस लूटी गई राशि, बदमाशों की पहचान और वारदात के पूरे घटनाक्रम को लेकर विस्तृत जांच में जुटी हुई है।



## तहसीलदार कार्यालय का रीडर चार हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर चौकी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए तहसीलदार कार्यालय सैंपऊ में कार्यरत वरिष्ठ सहायक (रीडर) को चार हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित रीडर ने भूमि विभाजन प्रस्ताव पर कार्रवाई करने के एवज में परिवादी से 18 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी धौलपुर चौकी के पुलिस उप अधीक्षक प्रेमचंद मीणा ने बताया कि आरोपित वीरेन्द्र सिंह वरिष्ठ सहायक हाल रीडर तहसीलदार कार्यालय तहसीलदार तहसील सैंपऊ जिला धौलपुर के खिलाफ 19 जून 2026 को शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि परिवादी की माता ने ग्राम बरा पटवार क्षेत्र मालोनी खुर्द में 8 बिस्वा भूमि खरीदी थी। जिसका नामांतरण भी दर्ज हो चुका है। भूमि के विभाजन प्रस्ताव के संबंध में एसडीएम न्यायालय सैंपऊ ने 25 मार्च 2026 को डिक्री पारित कर अग्रिम कार्रवाई के लिए तहसीलदार सैंपऊ को निर्देश दिए थे। परिवादी जब इस संबंध में तहसीलदार कार्यालय पहुंचा तो आरोपी वीरेन्द्र सिंह ने फाइल पर कार्रवाई करने के बदले 18 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। एसीबी ने शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया। जिसमें आरोपित द्वारा 18 हजार रुपए रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि आरोपित पहले ही 10 हजार रुपए ले चुका था और सत्यापन के दौरान 4 हजार रुपए भी प्राप्त कर चुका था। इस पर एसीबी धौलपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपिज रीडर वीरेन्द्र सिंह को परिवादी से चार हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्वत की राशि आरोपी की पैंट की जेब से बरामद की गई।

## चोरी की बाइक सहित शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। आरोपी पूर्व में भी चोरी और नकबजनी के कई मामलों में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर वाहन चोर पारस मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से गांव खटकड़, थाना गिंदोलिया जिला बूंदी का निवासी है और वर्तमान में मूला बाबा चौरिया के पास सी-ब्लॉक, नारायण सिटी, कालवाड़ में किराये पर रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि पारस मीणा शातिर वाहन चोर और नकबजन है। उसके खिलाफ कालवाड़ और करधनी थानों में चोरी एवं नकबजनी के मामले दर्ज हैं और वह पूर्व में इन मामलों में गिरफ्तार होकर जेल भी जा चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

## पेड़ लगाओ, पर्यावरण संरक्षण बचाओ अभियान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत तोगावास में तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के पी एल वी और सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कल्ला ने युआ वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि वर्तमान में धरती पर पेड़ों की महती आवश्यकता है। इस बार हम देख रहे हैं, कि बारिश नहीं होने से गर्मी बहुत ज्यादा है, इसलिए एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी देखरेख करके पर्यावरण संरक्षण को बचाया जा सकता हैं। साथ में युवा वर्ग को नशे की प्रवृत्ति से बचाना होगा। साथ में साइबर अपराध से बचना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल न करके पढ़ाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है । उपस्थित सभी बच्चो ने पर्यावरण संरक्षण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने कि इच्छा जाहिर की।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, रामप्रताप - अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 83 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 110 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 42 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया है कि चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी तथा चश्में भी नि:शुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉ हिमांशी गुरनानी, अजीत सिंह तंवर, आप्टम अंशिका, तन्नु, दुष्यंत शर्मा, गरिमा कुमारी, जसप्रीत कौर, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, सागर मल शर्मा, दीनदयाल सतीजा, सागर मल बजाज, क्लब सेक्रेटरी मुकेश व्यास तथा गोकुल शर्मा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी।

शिविर में पिछले कैंप के आपरेशन हो चुके 26 मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्में दिये गये। इससे पहले आयोजित 82 शिविरों में 7576 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें से 2565 मरीजों की आंखों के आपरेशन हो चुके है। इस तरह के नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर क्लब द्वारा प्रत्येक माह के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। बताया गया है कि आगामी 84 वां शिविर बुधवार 2 सितंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।




## उत्कृष्ट कार्य पर डाकपाल रामचंद्र चाहर सम्मानित

निलेश मुद्गल

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** उत्कृष्ट कार्य के लिए समसपुर शाखा डाकघर के शाखा डाकपाल रामचंद्र चाहर को राजस्थान परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल (सीपीएमजी) जयपुर की ओर से सम्मानित किया गया। झुंझुनूं में आयोजित सम्मान समारोह में रामचंद्र चाहर को साफा पहनाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डाक विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। गौरतलब है कि रामचंद्र चाहर इससे पहले भी अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए डाक विभाग को पदक दिला चुके हैं। उनके सम्मानित होने पर क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।




### कार्यालय ग्राम पंचायत बड़बर
### पंचायत समिति बुहाना (झुन्झुनू)

क्रमांक/बडबर/26-27/206 दिनांक:- 05.08.2026

**ई-निविदा सूचना 04/2026-27**

ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना में स्वीकृत निम्नानुसार कार्यों को सम्पादित करने हेतु राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एवं अधिकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से पंचायत राज नियम 181 (1) के अन्तर्गत ई संकर्म निविदाए (Work Tender) आमन्त्रित की जाती है। कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना कार्यालय एंव http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है जिसके NIB No/ UBN NO निम्नानुसार है।

NIB No PGD2627A00016
UBN No PGD2627WSOB00026
UBN No PGD2627WSOB00027

प्रशासक
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना



### खोया-पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल पासपोर्ट (नं. AS136146), जो 20/05/2026 को जारी हुआ था, ग्राम बलौदा (तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनू) में कहीं गुम हो गया है। इस संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज है, जिसका नंबर 3234408/2026 है। यदि यह पासपोर्ट किसी को मिले, तो कृपया सूचित कर लौटाने की कृपा करें।

**दिपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बलौदा,**
**सूरजगढ़, जिला झुंझुनू ( राज. )**



### खोया-पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल पासपोर्ट (नं. X8873623), जो 11/09/2023 को जारी हुआ था, ग्राम बलौदा तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनू में कहीं गुम हो गया है। इस संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज है, जिसका नंबर 3234419/2026 है। ?यदि यह पासपोर्ट किसी को मिले, तो कृपया सूचित कर लौटाने की कृपा करें।

**विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बलौदा,**
**तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनू ( राज. )**


## सीजेपी प्रोटेस्ट में ब्लास्ट की साजिश रच रही थी आईएसआई
### जंतर-मंतर पर पेट्रोल बम लेकर आए थे, पंजाब पुलिस ने 9 आरोपी पकड़े

**अमृतसर।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के खिलाफ चल रहे धरने के दौरान आतंकी हमले की साजिश रची थी। पंजाब पुलिस ने साजिश में शामिल चार नाबालिगों समेत कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भी भंडाफोड़ किया है।

अमृतसर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, जिंदा कारतूस, चार पेट्रोल बम, सीसीटीवी कैमरे, एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि जिस समय जंतर-मंतर पर छात्रों का विरोध प्रदर्शन चल रहा था तभी आरोपी ट्रेन से दिल्ली पहुंचे थे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत हसामपुर
### पं. स. पाटन (सीकर)

क्रमांक : 49 दिनांक : 04.08.2026

**ई-निविदा/खुली बोली सूचना- 05/2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग-5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता/संवेदक/फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो से दिनांक 14.08.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक खुली बोली/ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्तें वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSRC00112

प्रशासक
ग्रा.प. हसामपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.प. हसामपुर



### कार्यालय ग्राम पंचायत बड़बर
### पंचायत समिति बुहाना (झुन्झुनू)

क्रमांक:- 2026-27/201 दिनांक:- 05.08.2026

**ई-निविदा सूचना 04/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से, ग्राम पंचायत बड़बर में स्वीकृत निम्न लिखित कार्य को सम्पादित करने हेतु राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एंव अधिकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से पंचायत राज नियम 181 (1) के अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार ई संकर्म निविदाए (Work Tender) आमन्त्रित की जाती है। कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना कार्यालय एंव http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय : 06.08.2026 को सुबह 11:00 बजे से
निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय : 10.08.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक
निविदा से सम्बन्धित भौतिक दस्तावेज (निविदा प्रपत्र शुल्क व प्रोसेसिंग फीस एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट) जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय : 10.08.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक
निविदा से सम्बन्धित भौतिक दस्तावेज जमा करवाने का स्थान : ग्राम पंचायत बड़बर।
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय: 10.08.2026 को 3:00 बजे से

| पैकेज संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क राशि | प्रोसेसिंग शुल्क | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम बड़बर में समाज कल्याण भवन निर्माण कार्य। | 800000/- | 500/- | 500/- | 16000/- | 6 माह |
| 2 | ग्राम बड़बर में संदीप यादव के घर से रामचन्द्र के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 250000/- | 500/- | 500/- | 5000/- | 1 माह |


प्रशासक
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना


## दाधीच ने अंतर्राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में ए जीता सिल्वर मेडल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** बटुमी जॉर्जिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में तारानगर की तन्वी दाधीच ने भारत के लिए सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। वुशु कोच चिंकित शर्मा ने बताया कि तारानगर निवासी सुशील दाधीच की पुत्री तन्वी दाधीच ने बटुमी जॉर्जिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहकर देश के लिए सिल्वर मेडल जीता है जो पूरे देश के लिए गौरव की बात है। वुशु संघ के पदाधिकारियों सहित कस्बे के नागरिकों तथा खिलाड़ियों ने तन्वी के पदक जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी है।




### कार्यालय ग्राम पंचायत भिडासरी
### पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/701 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 40/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत भिडासरी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी रामजी योजना) एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0549 UBN-ZNR2627GLOB00742

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत भिडासरी
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत भिडासरी
पंचायत समिति लाडनूँ

# 13.52 करोड़ की लागत से पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के ट्यूबवेल कार्य का शुभारम्भ

निसं

नवलगढ़ (नवयत्न)। कस्बे के भक्तों वाला जोहड़ में बुधवार को अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत अनुमानित 13.52 करोड़ की लागत से नवलगढ़ शहर की पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण से जुड़े विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल समारोह के मुख्य अतिथि थे। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने हाल में नवलगढ़ के स्वीकृत 13 ट्यूबवेलों से 8 ट्यूबवेलों के कार्य के लिए भूमि पूजन कर ट्यूबवेलों कार्य का शुभारंभ किया। वहीं भूमि पूजन समारोह के बाद में विधायक विक्रम सिंह जाखल ने नव निर्मित दो बड़े जलाशयों की अनावरण पट्टिका का लोकार्पण किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल मुख्य अतिथि थे। सुरेंद्र सिंगोदिया, पूर्व चेयरमैन जुगल किशोर सैनी, पूर्व चेयरमैन शोएब खत्री, जयंती बील, बाबूलाल वर्मा, सुरेश सैनी, रिंकू जाजोरिया, लक्ष्मीकांत डोकवाल, बलवीर सैनी,चंद्र शेखर मिश्रा, इमरान खान, सलीम जिंदरान, हितेश थोरी, शहर मंडल अध्यक्ष गौतम खंडेलवाल, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मक्खन लाल सैनी, सांवरलाल टांक, घूमचक्कर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़, महेश चौधुरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, शंकरलाल शर्मा, भाजपा जिला मंत्री मंजू सैनी, सुनील सामरा, पूर्व एईएन भंवरलाल जांगिड़, जगदीश प्रसाद सेवका, डुमरा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पूनिया बतौर मंचस्थ अतिथि थे। नवलगढ़ नगरपालिका के पार्षदों ने 51 किलो की पुष्प माला पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल का अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने पुष्प माला पहनाकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। वहीं विधायक ने जलदाय विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों का भी सम्मान किया। इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत प्रस्तावित 13 नवीन ट्यूबवेलों में से 8 नवीन ट्यूबवेलों का भूमि पूजन किया। इसके अतिरिक्त भक्तों वाले जोहड़ में 2 लाख लीटर क्षमता के सीडब्ल्यूआर टंकी एवं 5 लाख लीटर क्षमता के उच्च जलाशय टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिससे नवलगढ़ शहर की




पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। भूमि दानदाता संतोष कुमार भगत, संजय कुमार भगत पुत्र पन्नालाल भगत का भी विधायक विक्रम सिंह जाखल ने आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 70 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन भी डाली जाएगी। शहर में पेयजल सप्लाई की लाइन लगभग 10 फीट से 20 फीट गहरी है जिससे घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है। लाइन डलने के बाद में पानी की समस्या नहीं रहेगी। वहीं बताया कि नवलगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में विकास के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 14 करोड़ रुपए स्वीकृत किए है। इस बजट से नवलगढ़ नगरपालिका की सीवरेज व सड़कों का विकास किया जायेगा। नवलगढ़ में व्याप्त बदबू और गन्दी को खत्म किया जायेगा। वहीं इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने सभी को एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सामरा ने किया। गौतम खंडेलवाल ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्याम सुंदर सैनी, भंवरलाल सैनी, सीताराम सैनी, मनोहर सिंह घोड़ीवारा, पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी, जेईएन अन्तर मीणा, भवानी सिंह, ललित कुमावत, मो. सलीम धोबी, अनिल सैनी, दुर्गेश सैनी, तूगण गुर्जर सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## सवा लाख बेलपत्र अर्पण महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



निसं

जयपुर ( नवयत्न )। श्रावण मास के पावन अवसर पर मंदिर श्री गीता गायत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग में आयोजित होने वाले शिव महापुराण एवं सवा लाख बेलपत्र अर्पण महोत्सव के पोस्टर का विमोचन बुधवार को राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया। यह धार्मिक आयोजन 7 अगस्त से 13 अगस्त तक श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित होगा। मंदिर के प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि आयोजन पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में होगा। महोत्सव में त्रिवेणी धाम खोजी के आचार्य राम रिछपाल दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा जयपुर के अनेक संत.महात्माओं का सानिध्य भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को नृसिंह मंदिर, सूरजपोल बाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें 108 महिलाएं सिर पर कलश के रूप में बेलपत्र का पौधा धारण करेंगी, जबकि पुरुष श्रद्धालु शिव महापुराण की पोथी लेकर बैंड-बाजों और मंगल गीतों के साथ मंदिर श्री गीता गायत्री जी पहुंचेंगे। मंदिर परिसर में व्यासपीठ पर विराजमान डॉ. आचार्य राजेश्वर महाराज श्रावण मास में भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए शिव महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। कथा के माध्यम से दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ को सवा लाख बेलपत्र अर्पित करने का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी क्रम में 7 अगस्त से हरियाली अमावस्या तक मंदिर में प्रतिदिन बेलपत्र अर्पण का कार्यक्रम चलेगा और भगवान शिव को सवा लाख से अधिक बेलपत्र अर्पित किए जाएंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिव महापुराण कथा का श्रवण करने तथा बेलपत्र अर्पण महोत्सव में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## भामाशाहों ने भेंट किया वाटर कूलर



निसं

पाटन ( नवयत्न )। पाटन क्षेत्र की ग्राम पंचायत डूंगा का नांगल स्थित रामसिंह की ढाणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को भामाशाहों ने विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर भेंट किया। स्व. बंशीधर रावत खोरी की स्मृति में उनके भाई पूर्व सरपंच झाबरमल रावत एवं पुत्र हरिसिंह रावत खोरी ने विद्यालय को यह सौगात समर्पित की। इस पहल के लिए हरिसिंह गुर्जर खोरी ने प्रेरणा दी। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इससे अब विद्यार्थियों को विशेषकर गर्मी के मौसम में ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार का सहयोग अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच झाबरमल रावत, अशोक रावत, सुगराम चंदेला, रतिराम गुर्जर, परशराम सूबेदार, बाबूलाल छावड़ी, वीरेंद्र ठेकेदार, मालाराम छावड़ी, मनोज मास्टर, बोदूराम, ग्यारसीलाल, रामसिंह सैनी, माडूराम, रामवतार नपावली, भाद्र सैनी, ताराचंद कुमावत, रविबन्ना, प्रदीप खोरी, संदीप खोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने भामाशाह परिवार की इस जनहितैषी पहल की सराहना की।

## सावन सखी एग्जीबिशन 7 से 9 अगस्त तक




निसं

जयपुर ( नवयत्न )। सावन सखी एग्जीबिशन का आयोजन 7, 8 एवं 9 अगस्त को सामुदायिक केंद्र सेक्टर-9 गोखले मार्ग मानसरोवर में किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। इस एग्जीबिशन में साड़ी, सूट, राखियांए बेडशीट, ज्वेलरी, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम, होम डेकोर उत्पादों के साथ-साथ विभिन्न फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों का कहना है कि प्रदर्शनी का उद्देश्य महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में एग्जीबिशन में पहुंचकर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने और उनके उत्पादों का लाभ उठाने की अपील की। इसके चलते मानसरोवर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर वरुण पथ में परम पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न 105 विभाश्री माताजी एवं 105 विनयश्री माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में सावन सखी एग्जीबिशन के बैनर का शुभ विमोचन किया गया। इस दौरान एग्जीबिशन से जुड़ी महिला आयोजिकाओं ने पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन की सफलता और मंगलमय संपन्नता की कामना की।

## शुगर जांच शिविर आज

सुजानगढ़ ( नवयत्न )। स्थानीय लुहारा गाडा स्थित मानव सेवा संस्थान में मानव सेवा संस्थान व द धर्मार्थ मेडिकल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुगर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 6 अगस्त को किया जायेगा। भामाशाह कमलेश भरत डूंगरवाल सुजानगढ़ निवासी बेंगलुरु प्रवासी के आर्थिक सौजन्य से यह शिविर आयोजित होगा। मानव सेवा संस्थान के स्थानीय समन्वयक माणकचंद सर्राफ ने बताया कि गुरुवार को मानव सेवा संस्थान लुहारा गाडा में बीकानेर के डॉक्टर शिवा मदान अपनी सेवाएं देंगे। इस हेतु शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया।

## कुरैशी कॉलोनी में पाइप लाइन डालने की मांग

निसं

सुजानगढ़ ( नवयत्न )। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष फारूख भुट्टा ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन सौंप कर वर्तमान वार्ड नंबर 52 कुरेशी कॉलोनी में पाइप लाइन डलवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में फारुख भुट्टा ने बताया है कि कुरैशी कॉलोनी, अख्तर भट्टे के पास पीने के पानी की बहुत समस्या रहती है। जलदाय विभाग द्वारा चार-पांच गलियों में पानी की पाइपलाइन नहीं डाली हुई है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और टैंकर्स के जरिए पानी डलवाना पड़ता है। इसलिए इन गलियों में जल्द से जल्द पाइप लाइन डाली जावे। इसी प्रकार जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन फारूक भुट्टा ने सौंप कर कुरैशी कॉलोनी अख्तर भट्टे के पास विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि यहां पर विद्युत लोड की समस्या रहने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः यहां पर नया ट्रांसफार्मर लगवाया जावे।

## 10 से खुलेगा धूत ट्रांसमिशन का 1400 करोड़ का आईपीओ

निसं

जयपुर ( नवयत्न )। धूत ट्रांसमिशन लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 10 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा जबकि एंकर निवेशकों के लिए बोली 7 अगस्त को होगी। कंपनी ने प्रति शेयर अंकित मूल्य 2 रुपए का प्राइस बैंड 829 से 871 रुपए तय किया है। निवेशक न्यूनतम 17 शेयरों और उसके बाद 17 के गुणकों में आवेदन कर सकेंगे। आईपीओ में 1400 करोड़ का फ्रेश इश्यू शामिल है जबकि मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 1.91 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। कर्मचारी श्रेणी के पात्र आवेदकों को प्रति शेयर 80 रुपए की छूट मिलेगी।

बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के तहत शुद्ध निर्गम का अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों कम से कम 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों एनआईआई और न्यूनतम 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों रिटेल के लिए आरक्षित रहेगा। कंपनी के इक्विटी शेयरों की प्रस्तावित लिस्टिंग बीएसई और एनएसई पर होगी जबकि एनएसई इस निर्गम का नामित स्टॉक एक्सचेंज रहेगा। इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर ऐक्सिस कैपिटल, जेफरीज़ इंडिया, कोटक महिन्द्रा कैपिटल, नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज इंडिया एसबीआई कैपिटल मार्केट्स और 360 वन वैम लिमिटेड हैं।




## इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर ( नवयत्न )। पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। सेरेमनी में 38 सदस्यीय स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। जिसमें रुहानी को स्कूल कैप्टन तथा आदित्य को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। अशोका हाउस से निक्की जांगिड़ को हाउस कैप्टन व चीनू कुमारी को वाइस कैप्टन, सांगा हाउस से श्रेया को कैप्टन व उन्नति को वाइस कैप्टन, शिवाजी हाउस से दीपिका को कैप्टन व दृष्टि को वाइस कैप्टन, प्रताप हाउस से तेजस्विनी को कैप्टन व लक्ष्य को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। काउंसिल में डिसिप्लिन इंचार्ज, लिंग्विस्टिक इंचार्ज, कल्चरल इंचार्ज व स्पोर्ट्स कैप्टन के पदों पर भी नियुक्तियां की गई। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट, हाउस फ्लैग प्लेसिंग, बैज पिनिंग सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गई। समारोह के मुख्य अतिथि प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने ओवरऑल डवलपमेंट हेतु स्टूडेंट काउंसिल की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी व टीम स्पिरिट की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, प्रिंसिपल राकेश शेखावत, प्रोमिला यादव एवं एकेडमिक हेड मंजन कुमार ने नवनिर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को बैज पहनाकर कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई।

## आचार्य बालकृष्ण के 54वें जन्मोत्सव पर यज्ञ, योग और 54 अर्जुन के पौधे बांटे

संजय सोनी

झुंझुनूं ( नवयत्न )। पतंजलि योग समिति की ओर से बुधवार को आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण का 54वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ से हुई। इसमें आचार्य बालकृष्ण के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र सेवा के कार्य निरंतर जारी रहने की कामना की गई। जन्मोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 54 अर्जुन के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। पौधों का वितरण झुझार सिंह संस्थान के अध्यक्ष सुरेश जाखड़, पूर्व प्रधान विमला बेनीवाल तथा पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन



कुमार ने किया। अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में पौधारोपण और उनका संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आचार्य बालकृष्ण के आयुर्वेद, योग और स्वदेशी के क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस दौरान झुझार सिंह संस्थान के सचिव महेंद्र चौधरी, रामनिवास जिनोलिया, रामकुमार झाझड़िया, सुभाष सोनी, रामदेव सिंह, गोपालराम सैनी, जागीराम सैनी, डूंगरमल कुमावत, शीशराम नेहरा, राजेंद्र कुमावत, सम्पत बारूपाल, भगीरथ सिंह, संदीप डिग्रवाल, मुकेश मुंड, जितेंद्र कुमार, संजय अग्रवाल, लता नेहरा, मीनू अग्रवाल, सावित्री चौधरी, सरिता देवी, इंदु देवी, सुमन मंडीवाल, विमला बेनीवाल, सावित्री सैनी, पूनम देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## वार्ड 23 और 24 के लिए फोलो अप कैंप आयोजित



निसं

सुजानगढ़ ( नवयत्न )। फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर 2026 के अन्तर्गत बुधवार को वार्ड नं 23 व 24 तक का शिविर कार्यालय नगर परिषद् सुजानगढ़ के वीसी रूम में आयोजित हुआ। आयुक्त महेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 01 पट्टा नवीनीकरण 03 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 02, जीवीपी 07, सीवर कनेक्शन 02, नाली मरम्मत 01, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 16, स्ट्रीट लाईट 07, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 02, पीएम स्वनिधि 02, जन आधार अद्यतन/संशोधन/नये जोड़े गये सदस्य 13, वृक्षारोपण 107, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 4, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 2 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 2 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 290 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 25 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 55 प्रकरण, आधार सिडिंग 15, आधार केवाईसी 03, एलपीजी आईडी केवाईसी 1 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में पूर्व सभापति सिकन्दर अली खिलजी, निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणियां, पंकज घासोलिया, मनोज पारीक तथा निवर्तमान पार्षदपति प्रेम प्रकाश स्वामी, गणेश मंण्डावरीया, नरेन्द्र प्रजापत भाजपा नेता विजय चौहान ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, कनिष्ट अभियंता कमलेश साखुनिया, फायरमैन देविका, रामनिवास जाट, प्रमोद विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानिया, नरपत जाट, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णु कुमार शर्मा, एएनएम सुमन कुमारी, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशीयन राकेश तुनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## शहीद हरलाल कालेर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ ( नवयत्न )। रतनगढ़ तहसील के ग्राम दाऊदसर में अमर शहीद हरलाल कालेर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के मुख्य आतिथ्य में व विधायक पूसाराम गोदारा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि देश के सैनिक हमारी सीमाओं के सच्चे प्रहरी हैं और उनके सर्वोच्च बलिदान के कारण ही देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि शहीदों की प्रतिमाओं की स्थापना एवं ऐसे आयोजनों का संपूर्ण व्यय केंद्र एवं राज्य सरकार को वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इस प्रकार के कार्य सरकार की ओर से कराए जाएंगे। डोटासरा ने अपने संबोधन में केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के हस्तक्षेप के बाद नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव करवाने की स्थिति बनी है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों में पूरी ताकत से जुटकर कांग्रेस का परचम लहराने और जनता के सहयोग से



वर्तमान सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने अमर शहीद हरलाल कालेर सहित देश के सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के जांबाज सैनिकों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज प्रत्येक नागरिक सुरक्षित जीवन जी रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विधायक मनोज मेघवाल, विधायक नरेंद्र बुडानिया, पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया, विधायक पूसाराम गोदारा तथा अन्य अतिथियों ने शहीद हरलाल कालेर के पिता डालूराम कालेर, माता विमला देवी एवं वीरांगना श्रवणी देवी सहित उपस्थित शहीद परिवारों का शॉल एवं प्रतीक चिह्न से सम्मान किया तथा देश हित में किए गये त्याग को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। समारोह को विधायक नरेंद्र बुडानिया, विधायक मनोज मेघवाल, विधायक अनिल शर्मा, पूर्व विधायक कमला कस्वा, हाजी मकबूल मंडेलिया, पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190